RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.dailypathakpaksh.in) Ph. 01662-313525

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 254
हिसार | मंगलवार, 12 दिसम्बर, 2023
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए | पृष्ठ ६

## संजय राउत के खिलाफ देशद्रोह का केस दर्ज, पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक लेख लिखने का आरोप

*पाठकपक्ष न्यूज, मुम्बई, 12 दिसम्बर : शिवसेना (उद्धव ठाकरे) नेता संजय राउत की मुश्किलें बढ़ती दिख रही है। राज्यसभा सांसद राउत के खिलाफ महाराष्ट्र के यवतमाल में देशद्रोह और अन्य आरोपों के तहत केस दर्ज किया गया है। संजय राउत पर शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र 'सामना' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक आर्टिकल लिखने का आरोप है। 'सामना' में पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक लेख के लिए अपने खिलाफ दर्ज मामले पर उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने कहा, 'हम पीएम नरेंद्र मोदी का सम्मान करते हैं... अमित शाह ने कुछ दिन पहले पूर्व पीएम जवाहरलाल नेहरू पर टिप्पणी की थी, क्या उनके खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा? हमारे देश में लोकतंत्र है और कई नेता बयान देते हैं।'*




## देशहित व जनहित में साबित हुआ जम्मू बारे केन्द्र सरकार का फैसला : कैप्टन भूपेन्द्र

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 12 दिसम्बर :** भारतीय जनता पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का स्वागत किया है, जिसमें जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने सहित केन्द्र सरकार द्वारा लिए गए फैसलों को सही ठहराया गया है। पार्टी के अनुसार इस फैसले से स्पष्ट हो गया है कि केन्द्र सरकार ने देशहित व जनहित में फैसला लिया था। भाजपा जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र ने कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने सहित संबंधित फैसलों को सही बताया है, जो स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि जिस समय धारा 370 हटाने सहित अन्य फैसले केन्द्र सरकार ने किए थे, उस समय कांग्रेस व जम्मू की विपक्षी पार्टियों सहित कुछ अन्य ने न केवल इसका विरोध किया, बल्कि केन्द्र सरकार पर अनेक तरह के आरोप लगाए थे। दूसरी तरफ केन्द्र का प्रयास था कि जम्मू में धारा 370 हटाकर देश में एक संविधान लागू किया जाए, जो उसने कर दिया। ऐसे में अब सुप्रीम कोर्ट ने भी केन्द्र सरकार के फैसले पर मुहर लगा दी है।



## दो बाइकों की भिड़ंत में 51 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 12 दिसम्बर :** बरवाला के भैणी बादशाहपुर के पास दो बाइक की भिड़ंत में 51 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक का नाम बारूराम है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर बरवाला थाना पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर हिसार के नागरिक अस्पताल में भिजवाया। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया फिलहाल पुलिस ने बाइक चालक पर धारा 304 ए सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है मिली जानकारी के अनुसार बारूराम बरवाला के निजी अस्पताल में काम करता था वह अस्पताल से अपने गांव भैणी बादशाहपुर बाइक पर जा रहा था। गांव से कुछ दूर पहले ही नहर के पास सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। जिसमें उसकी मौत हो गई।

## हिसार प्रीमियर लीग की ट्रायल 15 दिसम्बर को

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 12 दिसम्बर :** हिसार प्रीमियर क्रिकेट लीग विंटर सीजन का आयोजन जनवरी महीने के पहले सप्ताह में किया जाएगा। सोफिया क्रिकेट एकेडमी के मैनेजर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस बार हिसार प्रीमियर क्रिकेट लीग में अंडर 12और अंडर-14 आयु वर्ग में आयोजन करवाया जा रहा है। प्रशांत कुमार ने यह भी बताया कि इसके अंदर अंडर-12 और अंडर-14 आयु की टीमें खेलेंगी। इसके लिए ट्रायल 15 दिसम्बर को सोफिया क्रिकेट अकादमी, केमारी रोड में 3 बजे से ली जाएगी। सोफिया क्रिकेट एकेडमी के कोच रणवीर जाखड़ ने बताया कि यह टूर्नामेंट कलर ड्रेस और व्हाइट बॉल से खेली जाएगी। ट्रायल पर खिलाड़ियों का चयन करके दोनों आयु की टीमें बनाई जाएंगी और मैच करवाए जाएंगे। इस लीग के आयोजन का मक़सद हिसार के खिलाडियों के टैलेंट को उबारना है।

# हरियाणा लोक सेवा आयोग की सदस्य बनीं डॉ. सोनिया त्रिखा, राज्यपाल ने दिलवाई पद, निष्ठा एवं गोपनीयता की शपथ

## कल सायं ही महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं के पद से ली थी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति

### डॉ. त्रिखा ने प्रदेश, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई

**पाठकपक्ष न्यूज**
**चंडीगढ़, 12 दिसम्बर :** हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने राजभवन में मंगलवार को हरियाणा लोक सेवा आयोग की सदस्य के रूप में डॉ. सोनिया त्रिखा को पद, निष्ठा एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल सहित कई गणमान्य भी उपस्थित थे।



डॉ. सोनिया त्रिखा स्वास्थ्य के क्षेत्र से जुड़ी रही हैं। उन्होंने कल सायं ही हरियाणा सरकार के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक के पद से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली है। अप्रैल 2022 से हरियाणा सरकार के महानिदेशक स्वास्थ्य सेवा के रूप में डॉ त्रिखा ने प्राथमिक और माध्यमिक स्तर की सार्वजनिक क्षेत्र की सुविधाओं की देखरेख के लिए राज्य के स्वास्थ्य देखभाल प्रयासों का नेतृत्व किया। स्वास्थ्य क्षेत्र में उनकी नेतृत्वकारी भूमिकाओं में अतिरिक्त महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, कार्यकारी निदेशक राज्य स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र, निदेशक राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान और सिविल सर्जन जैसे पद शामिल हैं।विशिष्ट शैक्षिक पृष्ठभूमि और व्यापक पेशेवर अनुभव के साथ डॉ. त्रिखा ने राज्य में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों को बदलने और बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है।

अपने 25 वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने ने विश्व स्वास्थ्य संगठन , यूनिसेफ़ तथा एशियन डेवलपमेंट बैंक में भी वर्षों तक स्वास्थ्य सलाहकार के रूप में भी सेवाएं दीं।

डॉ. सोनिया त्रिखा ने दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज से वर्ष 1991 में गोल्ड मेडल विशिष्टता के साथ एमबीबीएस और वर्ष 1995 में प्रसूति/स्त्री रोग विज्ञान में एमडी की डिग्री हासिल की। उन्होंने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से स्वास्थ्य एवं अस्पताल प्रबंधन से वर्ष 2009 में स्नातकोत्तर डिप्लोमा तथा लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन जैसे प्रसिद्ध संस्थान से वर्ष 2013 में सार्वजनिक स्वास्थ्य में एमएससी की डिग्री हासिल की। डॉ. त्रिखा ने अक्टूबर 2014 - अक्टूबर 2015 तक नई दिल्ली में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल विशेषज्ञ के पद पर काम किया। इससे पहले वे एनआईसीईएफ के दिल्ली स्थित कार्यालय में फरवरी 2010 - फरवरी 2012 के बीच एचआईवी एवं एड्स विशेषज्ञ के तौर पर कार्यरत रहीं। इसी कार्यालय में वे जनवरी 2009 - फरवरी 2010 तक स्वास्थ्य अधिकारी (मातृ एवं नवजात देखभाल) के पद पर कार्यरत रहीं। जून 2007 - जुलाई 2008 तक उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) भारत के दिल्ली स्थित कार्यालय में राष्ट्रीय सलाहकार, परिवार एवं प्रजनन स्वास्थ्य के पद पर काम किया। जुलाई 2004 - जून 2007 तक वे राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी, चंडीगढ़ में परियोजना निदेशक के पद पर कार्यरत रहीं। उन्होंने मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल, प्रसूति/स्त्री रोग विभाग चंडीगढ़, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्र पंचकूला, स्वच्छ फाउंडेशन, हिंदू चैरिटेबल अस्पताल सोनीपत में विभिन्न पदों पर सेवाएं दी।

डॉ. सोनिया त्रिखा के समर्पण और रणनीतिक नेतृत्व ने हरियाणा में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों के सुधार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिससे यहां की आबादी की सेहत पर स्थायी प्रभाव पड़ा है। डॉ. त्रिखा कार्यकाल अनेकों उपलब्धियों से भरा है। खासकर कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने क्षमता निर्माण, प्रयोगशाला परीक्षण, आपूर्ति श्रृंखला समर्थन और आवश्यक सेवाओं की निरंतरता पर ध्यान केंद्रित करते हुए, कोविड-19 महामारी को रोकने में तकनीकी नेतृत्व प्रदान किया गया। उनके नेतृत्व में मार्च से सितंबर 2020 के दौरान कोविड 19 की परीक्षण की नैदानिक क्षमता में प्रति दिन 300 आरटी-पीसीआर परीक्षणों से परीक्षण को बढ़ाकर 15,000 प्रतिदिन किया गया। इस दौरान उनके प्रयासों से माध्यमिक देखभाल सुविधा केंद्रों में विशेष कोविड आपातकालीन विभाग और आईसीयू स्थापित किए गए। उन्होंने जिला अस्पताल पंचकूला में 14 बिस्तरों वाली गहन देखभाल इकाई (आईसीयू) की स्थापना की पहल और नेतृत्व किया।

उन्होंने सेवाओं की गुणवत्ता और देखभाल की निरंतरता में सुधार के लिए 56 सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड (ईएचआर) का उपयोग करके अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली (ई-उपचार) के कार्यान्वयन का नेतृत्व किया। नीति आयोग के निकट समन्वय में राज्य स्वास्थ्य सूचकांक (एसएचआई) के विभिन्न संकेतकों की निगरानी और वेलिडेशन में भी उन्होंने भूमिका निभाई। इसके साथ ही सभी हितधारकों के परामर्श से एसडीजी 3 पर 'विज़न 2030' दस्तावेज़ की तैयारी के लिए नेतृत्व प्रदान किया। उन्होंने डब्ल्यूएचओ, सीडीसी और जे-पीएएल सहित अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ कई परियोजनाओं का समन्वित कार्यान्वयन किया। डॉ. सोनिया त्रिखा ने अपने शोध और प्रकाशनों के माध्यम से सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनका काम स्वास्थ्य देखभाल के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं तक फैला हुआ है, जिसमें एंटीबायोटिक निर्धारित करने के पैटर्न से लेकर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पहल तक शामिल हैं।

## हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम को एक ही दिन में मिली दो सफलता

# अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को रिश्वत लेते हुए किया गिरफ्तार

**पाठकपक्ष न्यूज**
**चंडीगढ़, 12 दिसम्बर :** हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम को भ्रष्टाचार पर नकेल कसते हुए ही दिन में दो बड़ी सफलता मिली। एंटी करप्शन ब्यूरो गुरुग्राम की टीम द्वारा गत दिवस अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। इन आरोपियों द्वारा क्षेत्रीय यातायात प्राधिकरण रेवाड़ी तथा नूह के स्टाफ द्वारा वाहनों के चालान न करने की एवज में प्रति माह 6000 रुपये तथा 11000 रुपये की रिश्वत की मांग की गई थी। ब्यूरो के प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पहले मामले में तौफीक नामक निजी व्यक्ति द्वारा शिकायतकर्ता से माइनिंग स्टाफ, नूंह द्वारा वाहनों के चालान न करने की एवज में 6000 रुपये प्रति माह की रिश्वत की मांग की गई थी। आरोपी द्वारा यह धनराशि शिकायतकर्ता से फोन पे के माध्यम से प्राप्त की गई। इस पर कार्यवाही करते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो गुरुग्राम की टीम द्वारा तौफीक को 10 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार, एक अन्य मामले में आरोपी मनोज को 11000 रुपये प्रति माह रिश्वत की मांग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। आरोपी द्वारा क्षेत्रीय यातायात प्राधिकरण रेवाड़ी स्टाफ द्वारा वाहनों के चालान न करने की एवज में 11000 रुपए प्रति माह रिश्वत की मांग की गई थी। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने आरोपी मनोज को फोन पे के माध्यम से 11000 रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि इस मामले में अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता की भी आशंका जताई जा रही है।

## रेलवे स्टेशन पर दोस्त को लेने गए युवक से रेहड़ी चालक ने की मारपीट

*पाठकपक्ष न्यूज, हिसार, 12 दिसम्बर : रेलवे स्टेशन पर करीब 26 वर्षीय युवक के साथ 5 से 6 लोगों द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। घायल का नाम भव्य है उसे हिसार के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसने बताया कि वह उसके साथी को लेने के लिए रेलवे स्टेशन गया था। इस दौरान गरीब बच्चों को खाना खिलाने लगा और इस दौरान रेहड़ी चालक से झगड़ा हो गया। झगड़े में रेहड़ी चालक के साथियों ने उसके साथ मारपीट की और मौके से फरार हो गए। घायल को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। घायल भव्य ने बताया कि वह मिल गेट के शिव नगर का रहने वाला है वह जूते बेचने का काम करता है।*









# सम्पादकीय..........

## कच्छ बनेगा चितों का नया घर

श्योपुर के कूनो राष्ट्रीय अभयारण्य ने चीतों के सफलतम पुनर्वास की ऐतिहासिक योजना का साक्षी बनकर जो गौरव अनुभव किया था, कुछ उसी तरह की खुशी की लहर गुजरात के कच्छ जिले का बन्नी क्षेत्र महसूस कर रहा है। बन्नी क्षेत्र के ग्रासलैंड को केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने चीतों के आवासीय रहवास के लिए सर्वथा अनुकूल पाया है। चीते इसी तरह की शुष्क घास बहुत पसंद करते है, जो बन्नी की एक तरह से धरोहर है। इसीलिए मंत्रालय ने यहां चीतों के लिए संरक्षण और प्रजनन केंद्र की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही तय हो गया है कि कूनो के बाद भारत में बन्नी में ही देश और दुनिया चीतों को दौड़ते हुए देखेगी। यह देश में चीतों की पुनर्वास योजना की सफलता की दिशा में अहम कदम है। इसकी जरूरत इस दृष्टि से बहुत अहम है कि कूनो ने पिछले सवा साल में काफी विषम अनुभव झेले हैं। अफ्रीका से मिले 20 में से 6 चीते और यहां जन्मे चार में से तीन शावकों की मृत्यु के बाद काफी शंकाएं पैदा हो गई थीं। हालांकि विशेषज्ञ शुरुआती सालों में इतनी मौतों को स्वाभाविक करार दे रहे थे, लेकिन सच यह है कि हौसला हर स्तर पर डिग रहा था। कूनो में हालात संभाले गए हैं और जुलाई के बाद से वहां किसी तरह की बुरी खबर नहीं है, लेकिन आगे भी किसी तरह की प्रतिकूल परिस्थिति नहीं रहे, इसके लिए वैकल्पिक स्थान विकसित करना जरूरी माना जा रहा था। सुप्रीम कोर्ट भी विशेषज्ञों की राय के आधार पर ऐसे स्थान जल्दी तैयार करने के लिए कह रहा था, ताकि किसी आपदा की स्थिति में चीतों को दूसरी जगह स्थानांतरित कर उनकी जान बचाई जा सके। कूनो में स्थितियां फिलहाल अनुकूल बनी हुई हैं, इसलिए वहां से किसी चीते को स्थानांतरित करने की जरूरत नहीं होगी। लेकिन आने वाले कुछ सालों में अफ्रीकी देशों से बड़ी संख्या में जो चीते लाए जाने हैं, उनके लिए बन्नी बहुत कारगर रहेगा। बन्नी देश में चीतों का दूसरा घर बनेगा। बन्नी कभी तेंदुओं की बस्ती के तौर पर भी देखा जाता था। अस्सी साल पहले तेंदुए वहां से विलुप्त हो गए। चीतों के मामले में ऐसा कुछ नहीं सुनने को मिलेगा, हर देशवासी यही चाहेगा। उन्हें कामयाबी के साथ यहां बसाने में अधिकारियों ने उस अनुभव के सबक भी क्रियान्वित किए होंगे, ऐसी उम्मीद की जा सकती है। मध्यप्रदेश के ही गांधीसागर, नौरादेही और राजस्थान के मुकंदरा अभयारण्य में भी तैयारियों को गति देनी होगी, ताकि वहां भी जल्दी से जल्दी चीते लाकर बसाने की योजना को मूर्तरूप दिया जा सके और देशभर में चीतों के सफलतम पुनर्वास की कहानी भारत को गौरवान्वित कर सके।

# अहंकार व स्वार्थ त्याग दें तो खुद में हमें ईश्वर दिखेगा

**अध्यात्म**

एक समय की बात है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के पास एक श्रीमंत आए और उनसे कहा, 'सुना है आपके पास मां (काली मां) आती हैं, आप उनसे बातें भी करते हैं।' रामकृष्ण बोले, 'हां! आती हैं, जिस तरह से आप मेरे साथ बातें कर रहे हैं, उसी प्रकार मैं उनके साथ भी बातें करता हूं।' 'मां कब आती हैं/', श्रीमंत ने पूछा। रामकृष्ण ने कहा, 'उनका आगमन तय नहीं होता, जब उनकी इच्छा होती है, तब आ जाती हैं।' श्रीमंत ने कहा, 'स्वामी जी कृपा करके इस बार जब मां आएं तो कहना कि मेरे पास भी पधारें। आप तो जानते ही हैं कि मैं बहुत व्यस्त रहता हूं इसलिए यहां बैठ कर प्रतीक्षा नहीं कर सकूंगा।' रामकृष्ण ने कहा, 'ठीक है, अगली बार जब भी मां मुझे मिलेंगी, तो अवश्य कह दूंगा, मगर वह तुमसे मिलने के लिए कहां आएंगी/' उस श्रीमंत ने अपना पता बताना चाहा कि रामकृष्ण ने उसे रोक दिया और कहा, 'यह तो आपकी कोठी, ऑफिस और फैक्ट्री का पता है। मां वहां थोड़े ही जाएंगी। वह तो तुम्हारे पास जाएंगी, इसलिए अपना पता बताओ।' श्रीमंत को फिर भी बात समझ में नहीं आई। तब स्वामी रामकृष्ण ने समझाया, 'तुम्हारे पते का मतलब है, तुम्हारे देह के भीतर जो आत्मा बैठी है, उसका पता। जिस दिन तुम्हें उसका पता मिल जाएगा, उस दिन मां बिना बुलाए तुम्हारे पास आ जाएंगी और तुम भी मेरी तरह उनके साथ बातें कर सकोगे।' वह रामकृष्ण के चरणों पर गिरकर रोने लगा। उस दिन से वह अपना सही ठिकाना ढूंढने के लिए रामकृष्ण के मार्गदर्शन में एक साधक की तरह जीवन बिताने लगा। जिस मकान या घर यानी अंतर्मन में हमारा दिव्य व अनुपम निवास है, हमारा ईश्वर भी वहीं निवास करता है। ईश्वर तो पहले से ही आत्मरूपी मकान में रह रहा है और वह इंतजार कर रहा है कि कब हम उनसे मिलकर अपना जीवन धन्य करें। एक अधेड़ उम्र का धनी व्यक्ति सड़क के किनारे बैठकर जोर-जोर से रो रहा था। एक सज्जन ने उसके पास आकर पूछा कि आप क्यों रो रहे हैं/ वह धनी बोला, 'क्या करूं/ मेरे पास गाड़ी है, बंगला है। चार-चार फैक्ट्रियां हैं और बहुत सारा बैंक बैलेंस भी है।' आश्चर्य से उस सज्जन ने फिर पूछा, 'यह तो बहुत ही सुंदर बात है, पर यह तो बताइए कि इतना सब कुछ होने के बावजूद आप रो रहे हैं, ऐसा क्यों/ वह धनी व्यक्ति बोला, 'मैं अपने घर का पता ही भूल गया हूं।' बहुत बड़ा सच है इसके पीछे। वह यह कि इस धरती पर रहने वाले हम सभी मनुष्य भूल गए हैं कि हमारा असली पता क्या है। भूल गए हैं कि दरअसल हम हैं कौन/ 'मैं कौन हूं/' इस प्रश्न का उत्तर जानना बहुत ही सरल है यदि हमें स्वामी रामकृष्ण परमहंस जैसा कोई मार्गदर्शक मिल जाए। यदि स्वामी विवेकानंद जैसी जिज्ञासा हमारे अंदर पैदा हो जाए। खुद को जानना बहुत ही जरूरी है। अहंकार और स्वार्थ ने हमारे दिव्य गुणों को समाप्त कर दिया है इसलिए हम खुद को नहीं जान पाते हैं। सहजता, सरलता, सहनशीलता, करुणा, प्रेम और दया रही नहीं और लालच, लोभ, हिंसा, ईर्ष्या, नफरत, क्रोध, और जटिलता को बढ़ावा मिल रहा है। हमें होश में आने के लिए जाग्रत होना होगा और अपनी ही देह में स्थित आत्मा-परमात्मा का बोध प्राप्त करना होगा।

# सुण मौल्लड़ की



जी.डी.पी. में 7.7 प्रतिशत वृद्धि। देश प्रगति की दिशा में।

**दो पार्टी सिस्टम सरू होए पाछै और सुधार हो जावैगा।**

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** मन में तनाव बना रहेगा। लोगों के विरोध का सामना करना पड़ेगा। झूठे आरोप लगने का भय है। भगवान शिव जी की पूजा करें।

**वृषभ :** काम के सिलसिले में यात्रा संभव है। सांझेदारी में नई योजनाओं की शुरूआत कर सकते हैं। अविवाहितों को विवाह के प्रस्ताव प्राप्त होंगे।

**मिथुन :** विरोधी परेशान करेंगे। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। मन में नकारात्मक विचार आएंगे। भगवान गणेश जी की पूजा करें।

**कर्क :** शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। नए कार्यों की शुरूआत लाभकारी रहेगी। बौद्धिक कार्य से जुड़े लोग सम्मान प्राप्त करेंगे।

**सिंह :** मन में अंजाना भय बना रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**कन्या :** परिजनों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रु परास्त होंगे। लोग आपके कार्यों की सराहना करेंगे।

**तुला :** वितीय मामलों पर ध्यान दें। जल्दबाजी में पूंजी निवेश से बचें। महत्वपूर्ण समाचार प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक :** मन में संतोष की भावना का अनुभव करेंगे। व्यापारिक मामलों में पक्ष मजबूत होगा। मन की बात खुलकर कहें सबका सहयोग मिलेगा।

**धनु :** अनिद्रा का शिकार हो सकते हैं। मन में उदासी बनी रहेगी। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। भगवान कृष्ण जी की पूजा करें।

**मकर :** लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। जटिल काम सहज ही पूरा करेंगे।

**कुंभ :** दिन शुभ रहेगा। परिवार के साथ खुशी भरे लम्हे व्यतीत करेंगे। कार्यस्थल पर आपकी प्रतिभा को नई पहचान मिलेगी।

**मीन :** आकस्मिक धन लाभ होगा। परोपकार की भावना बलवती रहेगी। अटकी योजनाओं में गति आएगी।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

# दयानन्द महाविद्यालय की एन.सी.सी. आर्मी विंग गर्ल्स की कैडेट्स ने चलाया जागरूकता अभियान



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 दिसम्बर :** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार की एन.सी.सी. आर्मी विंग गर्ल्स की कैडेट्स द्वारा इन्टरनेशनल ईयर ऑफ माईलेट-2023 के तहत जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत कैडेट्स ने घर-घर जाकर लोगों को माईलेट के पोषक तत्वों के बारे में जागरूक किया और उनके अधिक से अधिक उपयोग के लिए प्रेरित किया। कैडेट्स ने पोस्टर व स्लोगनों के माध्यम से माईलेटस के महत्व को बड़े ही सुन्दर ढंग से प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कैडेट्स की इस अनूठी पहल की सराहना की। उन्होंने बताया कि माईलेट फूड पोषक तत्वों से भरपूर होने के साथ-साथ बहुत सारे स्वास्थ्य लाभ देता है तथा कई बीमारियों से लड़ने की शक्ति प्रदान करता है। एन.सी.सी. आर्मी विंग गर्ल्स की सी.टी.ओ. प्रो. मंजू शर्मा ने कैडेट्स को जानकारी देते हुए कहा कि इस जागरूकता अभियान का आयोजन तृतीय हरियाणा गर्ल्स बटालियन के निर्देशानुसार किया गया जिसमें सभी कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विदित है कि साल 2023, यूनाईटेड नेशन व खाद्य-कृषि संगठन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय माईलेट ईयर घोषित किया गया है।

# हिसार से 19 दिसंबर को प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर मेले के लिए निशुल्क जाएगी श्रद्धालुओं की बस





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 दिसम्बर :** सप्तमी के पावन अवसर पर 19 दिसंबर को प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में लगने वाले मेले, माता के दर्शनों व पूजन के लिए हिसार से निशुल्क बस जाएगी। श्री श्याम मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में यह बस श्रद्धालुओं को लेकर आजाद नगर व रेड स्क्वेयर मार्केट से होते हुए पाबड़ा स्थित प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में पहुंचेगी। मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की सप्तमी के दिन मां चण्डके देवी मंदिर में प्रातः काल मां चण्डके देवी की विशेष पूजा व आराधना के उपरांत दोपहर को अटूट भंडारे व मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले, विशेष पूजा व भंडारे में पंचग्राम पाबड़ा के साथ-साथ बहुत से गांवों व दूर-दराज के क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। श्री श्याम मंदिर सेवा समिति के संयोजक जगदीश तायल व महंत गोकुलदास ने बताया कि मां चण्डके देवी मंदिर की काफी मान्यता है। बहुत से श्रद्धालु समय पर वाहन उपलब्ध न होने के कारण मां चण्डके देवी मंदिर नहीं पहुंच पाते हैं। इसलिए श्री श्याम मंदिर सेवा समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निशुल्क बस की व्यवस्था की है। उन्होंने बताया कि 19 दिसंबर को प्रातः 8.30 बजे आजाद नगर के एसबीआई बैंक से बस चलेगी और यह बस रेड स्क्वेयर मार्केट के पास स्थित विश्वकर्मा धर्मशाला में पहुंचेगी। यहां से बस प्रातः 9.00 बजे पाबड़ा के मां चण्डके देवी मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी। मंदिर में आयोजित दर्शन, पूजन, भंडारे व मेले में हिस्सा लेने के उपरांत श्रद्धालुओं की यह बस वापस दोपहर को हिसार के लिए वापस चलेगी। उन्होंने बताया कि इस निशुल्क बस की व्यवस्था में एन. के. गोयल, वेदप्रकाश शर्मा, रुपचंद बंसल, सुंदर बगला, पूर्ण बिश्नोई, बजरंग गंगवा, देवेंद्र गर्ग, जगदीश सेक्ट्री, कैलाश बंसल, राजू चौहान व राजा कंडक्टर सहित काफी गणमान्य लोग सेवार्थ भाव से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कोई भी श्रद्धालु निशुल्क बस यात्रा के लिए श्री श्याम मंदिर सेवा समिति से संपर्क कर सकता है।

# कर्म का मर्म

## दिदरो की उदारता

डेनिस दिदरो फ्रेंच भाषा के महान विद्वान और लेखक थे। एक बार उनके पास एक युवक आया और बोला, 'मैं एक लेखक हूं। मैंने एक पुस्तक लिखी है। मैं चाहता हूं कि मुद्रण के पूर्व आप इसे एक बार भली प्रकार देख लें।' दिदरो ने कहा, 'मैं इसे अच्छी तरह से पढ़ लूंगा। तुम कल इसे वापस ले जाना।' दूसरे दिन वह लेखक आया, तो दिदरो ने कहा, 'मुझे बड़ी प्रसन्नता है कि तुमने मुझे लक्ष्य बनाकर, प्रस्तुत पुस्तक में मेरी खूब हंसी उड़ाई है और मुझे बहुत गालियां दी हैं। पर जरा यह तो बताओ कि इससे तुम्हें क्या लाभ होगा/' युवक ने कहा, 'अब तक मुझे अच्छी तरह लिखना भी नहीं आता है, इसलिए मेरी पुस्तक को कोई प्रकाशक छापने के लिए तैयार नहीं होगा। मुझे ज्ञात है कि इस देश में आपके कई शत्रु और आपसे मतभेद रखने वाले लोग हैं। यदि मैं आपका मजाक उड़ाने वाली पुस्तक लिखूं, तो मुझे अच्छा पैसा मिल सकता है।' दिदरो ने मुस्कुराते हुए कहा, 'यह तुमने बहुत ही अच्छा किया है, पर एक कार्य और करो। क्योंकि पुस्तक छापने के लिए तुम्हें पैसा भी तो चाहिए न/ एक उपाय बताता हूं। एक व्यक्ति से धर्म के संबंध में मेरे तीव्र मतभेद हैं। वह मुझसे अत्यधिक नाराज है। तुम यह पुस्तक उसे समर्पित कर दो। वह प्रसन्न होकर तुम्हें अवश्य ही आर्थिक सहयोग करेगा। इसलिए तुम शीघ्र ही उसके नाम एक शानदार समर्पण पत्र लिख दो।' युवक ने कहा, 'पर मुझे समर्पण पत्र लिखना नहीं आता/' दिदरो ने कहा, 'ठहरो मैं ही तुम्हें अच्छा समर्पण पत्र लिख देता हूं, जिससे तुम्हें अच्छी रकम मिल जाएगी।'और उन्होंने उसी समय एक समर्पण पत्र लिखकर उस युवक को दे दिया। वह युवक दिदरो की इस उदारता पर दंग रह गया। यह थी दिदरो की महानता। युवक समझ नहीं पा रहा था कि किन शब्दों में इस महान व्यक्ति का शुक्रिया अदा करे।



# वानप्रस्थ संस्था ने 50 टीबी ग्रस्त रोगियों को बांटी पौष्टिक आहार की पांचवीं किस्त

## जिला स्वास्थ्य विभाग ने हरियाणा को टीबी मुक्त बनाने में सहयोग के लिए वानप्रस्थ संस्था का आभार जताया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 दिसम्बर :** वानप्रस्थ सीनियर सिटीज़न क्लब ने सूर्यानगर के झोपड़ -पट्टी बस्ती में 50- टी.बी ग्रस्त रोगियों को प्रोटीन युक्त पौष्टिक आहार किट्स की आज पाँचवी क़िस्त बाँटी। वानप्रस्थ संस्था प्रधानमंत्री निश्चय मित्र योजना के अंतर्गत अगस्त -2022 से टी.बी. ग्रस्त रोगियों को प्रोटीन युक्त पौष्टिक आहार किट्स बाँट रहा है। अब अगस्त 2023 से 50- नए टी. बी मरीज़ों को प्रोटीन युक्त पौष्टिक आहार क्लब के सदस्य हर महीने टी. बी. हस्पताल एवं आंगनबाड़ी के अधिकारियों के सहयोग से सूर्यनगर झोपड़ पट्टी में स्वयं जा कर मरीज़ों को किट्स बाँटते हैं। पौष्टिक आहार लेने वालों में टी बी रोगी दस वर्षीय परीक्षा, 72 वर्षीय श्रीमतीरोशनी देवी एवं 75 वर्षीय जगदीश भी शामिल थी।

क्लब के सदस्य श्री मती सुनीता बहल, डॉ. पुष्पा खरब एवं श्रीमती वीना अग्रवाल ने प्रत्येक महिला टी. बी. रोगी के साथ व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और उनके स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्हें सही ढंग से नियमित रूप से दवाई और पौष्टिक आहार खाने के लिए प्रेरित किया ताकि वह जल्दी ठीक हो जाए।

वहीं डॉ. सुरेंद्रमोहन बहल ने पुरुष मरिजों से बातचीत करके दवाई और आहार के महत्व के बारे समझाया। रोगियों ने बताया कि दवाई और उचित खुराक लेने से वह पहले से ठीक महसूस कर रहे हैं और उनके वज़न में भी बढ़ोतरी हुई है।

टीबी हस्पताल से आए श्रीमती बलकेश एवं मनदीप ने टी.बी. रोगियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री निश्चय मित्र योजना के अन्तर्गत देश को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि दवाई और उपयुक्त पौष्टिक आहार लेने से आप की रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ेगी और आप जल्दी स्वस्थ हो जाएंगे। उन्होंने मरीजों को समझाया कि घर पर अपने बर्तन अलग रखें और खांसी आने पर अपने मुंह पर कपड़ा बांध लें ताकि घर के और सदस्य इस रोग से बचे रहें। अगर किसी को घर में बीमारी के लक्षण नज़र आते है तो तुरंत हस्पताल आकर टेस्ट करवाएं।

इस प्रोग्राम में हर मरीज़ को छः मास के लिये हर मास दो- डिब्बे प्रोटीन पाउडर, एक किलो गुड़, एक किलो भुने हुए चने,एक किलो काले चने, एक किलो बेसन, दो पैकेट न्यूट्रेला और हाथ धोने के लिए दो साबुन दिये जाते हैं।

इस अवसर पर टी. बी चैमियन 40- वर्षीय श्री मती रंजना एवं 30- वर्षीय राजवन्त को विशेष रूप से आम्त्रिंत किया गया ।श्री मती राजवन्त ने बताया कि 2021- में उसका धीरे - धीरें वज़न कम होने लगा और 3-4 मास में 6-7 किलो वज़न कम हो गया और बुख़ार भी रहने लगा। टी बी हस्पताल से टेस्ट करवाने से मालूम हुआ कि उसे पल्मोनरी टीबी है। राजवंत ने छः मास तक सही ढंग से दवाई और पौष्टिक आहार का सेवन किया । अब वह पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। अब वह टी बी चैंपियन के रूप में सुपोर्ट टी बी सरवाईवल नेट वर्क, हरियाणा (support TB survival Net work, Haryana) एंजियो के साथ जुड़े हुईं हैं और टी बी मरीज़ों को समय पर दवाई और सही खुराक लेने के लिए प्रेरित करते हैं। उनके साथ 30- टी बी चैम्पियन जुड़ चुके हैं। यह चैंपियन समय समय पर मरीज़ों से संपर्क करके उनको उचित परामर्श देते रहते हैं।

इस अवसर पर डॉ. रत्ना भारती, चीफ मेडिकल ऑफिसर, हिसार ने अपने संदेश में निः स्वार्थ भाव से टी बी रोगियों को पौष्टिक आहार दे कर टी बी उन्मूलन में स्वास्थ्य विभाग, हरियाणा का सहयोग करने के लिए वानप्रस्थ संस्था का आभार प्रकट किया। क्लब के महा सचिव डॉ. जे. के. डॉग ने आस्ट्रेलिया से दूरभाष से बातचीत करते हुए कहा कि वानप्रस्थ संस्था भविष्य में भी इस अभियान में सहयोग देता रहेगा। वानप्रस्थ संस्था समाज के ज़रूरतमंदों की सेवा के लिए सदैव कटिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर ब्रिसबेन (आस्ट्रेलिया) निवासी श्री मती वीना सेठ ने चार टी. बी. रोगियों को छः मास के लिए गोद लिया है।

इस अवसर पर टी. बी. हस्पताल की ओर से श्री मनदीप, श्रीमती बलकेश कालीरमन पी. पी. कॉर्डिनेटर और श्री ओम प्रकाश वर्मा, और आंगन बाड़ी के सदस्य अंजू, अनीता, आशा, सुनीता, शर्मिला, कैलाश, मीना एवं बंटी ने भाग लिया।

AC
LLOYD Whirlpool VOLTAS
IFB orient electric HITACHI Inspire the Next Haier
0% Interest बिना ब्याज के
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
सबसे आकर्षक Rate !
सबसे आकर्षक Offers !
SINGLA ELECTRONICS
BETWEEN PARIJAT CHOWK AND NAGORI GATE, HISAR
M.: 94666-83396, 98136-62313

|| राम ||
Lovely Salon
Estd. 1974
Will be Closed on Tuesday
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art

राम
muse-II
Above Lovely Salon, Gurudwara Road, Model Town, Hisar
Multi Designer Store
प्लस साईज है तो अपनाएं ये फैशन टिप्स :
1. लेयरिंग वाले कपड़े न डालें।
2. स्लिम लुक पाने के लिए काले और नेवी ब्लू जैसे गहरे रंग का उपयोग करें।
3. योक लाईन से बचें। फैशन टिप्स के लिए फोन करें :8222035555

# उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने हवाई अड्डे के एयर ट्रैफिक कंट्रोल रूम तथा टर्मिनल बिल्डिंग की रखी आधारशिला

## अधिवक्ताओं के नए चैंबर भवन का किया भूमि पूजन, हिसार में बनेगा प्रदेश का सबसे बेहतरीन विश्राम गृह

## हिसार शहर के चारों और रिंग रोड़ से यातायात होगा सुगम, एनएचएआई बनाएगा तलवंडी के समीप से दिल्ली रोड़ तक का मार्ग




विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करते उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डा कमल गुप्ता तथा श्रम मंत्री अनूप धानक। अधिवक्ताओं की चैंबरों की आधारशिला रखते एवं भूमि पूजन करते तथा सम्बोधित करते हुए उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 दिसम्बर :** उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने सोमवार को हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे सहित लगभग 280 करोड़ रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और अनेक परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया गया। उन्होंने हवाई अड्डे के एयर ट्रैफिक कंट्रोल रूम तथा टर्मिनल बिल्डिंग की रखी आधारशिला रखते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह कार्य आगामी दो से तीन माह तक पूर्ण कर लिए जाएं।

**वर्तमान लोक निर्माण विश्राम गृह परिसर का होगा कायाकल्प**

लोक निर्माण विश्राम गृह परिसर में ही अतिरिक्त भवन की आधारशिला रखने उपरांत उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी कार्य पूर्ण होने के बाद हिसार का विश्राम गृह प्रदेश का सबसे बेहतरीन विश्राम गृह होगा, जिसमें एक सीएम सुईट, पांच वीआईपी सुईट, 15 अधिकारियों के कमरे के अलावा 20 अन्य कमरों का निर्माण होगा। इसी प्रकार से विश्राम गृह के अतिरिक्त भवन में एक कान्फ्रेंस हाल, एक कमेटी रूम, मल्टीपरपज हाल, जिम व योगा हाल, आफिस तथा साइबर रूम, ड्राइंग तथा डाइनिंग रूम के अलावा भूतल पर 17 दुकानें, प्रथम तल पर 6 आफिस, 9 डबल स्टोरी दुकानें, स्टाफ के लिए 7 बैडरूम तथा चालकों के लिए 27 बैड की डोरमेट्री बनाई जाएगी। इसी परिसर में निर्माण सदन भी स्थापित किया जाएगा, जिसमें एक ही स्थान पर लोक निर्माण विभाग की विभिा तकनीकी शाखाओं के कार्यालय स्थापित होंगे। उन्होंने अधिवक्ताओं के नए चेंबर भवन के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम में भी शिरकत की ओर कहा कि न्यायिक परिसर में अतिरिक्त चेंबर बनने से युवा अधिवक्ताओं को सुविधाएं मिलेंगी।

### उकलाना में भी जल्द ही बनेगा नया लोक निर्माण विश्राम गृह : अनूप धानक




अपने संबोधन में श्रम मंत्री अनूप धानक ने कहा कि हिसार में ऐसी ऐतिहासिक परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है जिन पर प्रदेश की हीं नहीं बल्कि पूरे देश के लोगों की निगाहें हैं। इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद दुनिया के नक्शे पर हिसार का अहम स्थान होगा। उन्होंने बताया कि उकलाना में भी जल्द ही लोक निर्माण विश्राम गृह की परियोजना को स्वीकृति मिल जाएगी।

**तलवंडी रोड से मिर्जापुर होते हुए दिल्ली रोड़ तक बनेगा रिंग रोड़**

इस अवसर पर उप-मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हवाई अड्डे के बनने से पुराने तलवंडी मार्ग को बंद किया गया था। अब इस क्षेत्र के लोगों को हिसार आने के लिए अगले तीन माह में छोटा रास्ता बना दिया जाएगा। इसके अलावा तलवंडी रोड से मिर्जापुर होते हुए दिल्ली रोड़ तक रिंग रोड़ की संपर्क योजना बना दी गई है। इस मार्ग को एनएचएआई बनाएगा। इसके पश्चात हिसार के चारों तरफ दो तिहाई भाग को कनेक्ट कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुकलान नेशनल हाईवे से सातरोड़ नेशनल हाईवे को भी जोड़ा जाएगा।

**जापान इंटरनेशनल कोआपरेशन (जाइका) ने एलिवेटेड रोड़ की फिजिबिलिटी को दी मंजूरी**

उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर में एलिवेटेड रोड़ की फिजिबिलिटी को जापान इंटरनेशनल कोआपरेशन (जाइका) ने मंजूरी दे दी है। इस रोड़ पर 7 एंट्री तथा 7 निकासी होगी। हिसार लोकसभा क्षेत्र जल्द ही फाटक मुक्त हो जाएगा। सभी क्रासिंग पर आरओबी तथा आरयूबी बनाए जाने का कार्य अंतिम चरण में है।

इस अवसर पर खादी बोर्ड चेयरमैन राजेंद्र लितानी, एसडीएम जयवीर यादव, अधीक्षण अभियंता हरपाल सिंह, जजपा नेत्री शीला भ्याण, जिलाध्यक्ष अमित बूरा, रमेश गोदारा जाखोद, रामचंद्र गुप्ता, सुरेश गोयल धूप वाला, एडवोकेट मंदीप बिश्नोई, लोकेश असीजा, राजमल काजल, सतीश सुरलिया, सुनील वर्मा, राजकुमार इंदौरा, वैभव बिदानी, वीरेंद्र चौधरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### महाराजा अग्रसेन अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा न केवल भारत का बल्कि दुनिया के सबसे बड़े हवाई अड्डों में से एक होगा : डॉ कमल गुप्ता



अपने संबोधन में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डा कमल गुप्ता ने कहा कि महाराजा अग्रसेन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा न केवल भारत का बल्कि दुनिया के सबसे बड़े हवाई अड्डों में से एक होगा। दिल्ली का आईजीआई एयरपोर्ट लगभग 5250 एकड़ में है जबकि हिसार हवाई अड्डे को 7200 एकड़ भूमि आवंटित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि यातायात सुविधाओं के लिहाज से हिसार बेहतरीन जिला है जो चारो तरफ से अंतरराष्ट्रीय स्तर के राजमार्गों से जुड़ा है। डा कमल गुप्ता ने कहा कि हिसार हवाई अड्डे के लिए आज एटीसी भवन, सिविल एयरोड्रम, ईंधन कक्ष, नए टर्मिनल भवन के विस्तार कार्यों, आइसोलेशन-बे, वाहन लेन, बरसाती जल निकासी हेतु मानसून ड्रेन, एप्रन एवं बेसिक स्ट्रिप के निर्माण कार्यों का आज नींव पत्थर रख दिया गया है।

# जुमला ही साबित हुई सरकार की निरोगी हरियाणा योजना : कुमारी सैलजा

## प्रदेश का हर नौवां गरीब जूझ रहा है किसी न किसी बीमारी से



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 दिसम्बर :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की निरोगी हरियाणा योजना भी एक जुमला ही साबित हुई है, प्रदेश के 1.59 करोड़ गरीबों में से मात्र 38 लाख के स्वास्थ्य की जांच हुई जिनमें से 4.06 लाख गरीब किसी न किसी बीमारी से पीड़ित मिले। प्रदेश का हर नौवां गरीब किसी ने किसी बीमार से जूझ रहा है। सरकार लोगों को लुभाने के लिए योजनाओं की घोषणाएं तो कर देती है पर उन योजनाओं को लागू करने में पीछे रह जाती है, अगर लागू कर दी गई है तो धरातल पर उनकी वजूद क्या है उन पर गौर करना भूल जाती है, लापरवाह सरकार की योजनाओं को अधिकारी केवल कागजों में ही दौड़ाते हैं। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि निरोगी हरियाणा योजना की शुरुआत 29 नवंबर 2022 को कुरुक्षेत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने की थी। एक राष्ट्रपति द्वारा शुरू की गई योजना को प्रदेश सरकार घोषित नहीं कर पाई। सरकार की अधिकतर योजनाएं जुमला ही साबित हुई ऐसे में जनता ने इस गठबंधन सरकार को जुमलेबाज सरकार कहना शुरू कर दिया है। प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग ने 1.59 करोड़ गरीबों के स्वास्थ्य की जांच का लक्ष्य रखा था पर इसमें वह बुरी तरह से पिछड़ गया यानी कहा जा सकता है कि घोषणा करके भूल गया। स्वास्थ्य विभाग एक साल में मात्र 23.89 प्रतिशत गरीबों के स्वास्थ्य की जांच ही करवा पाया। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े ही उसकी लापरवाही की दास्तां बयान करते हैं। हिसार में सबसे कम 14.25 प्रतिशत गरीबों के स्वास्थ्य की जांच हुई। सबसे ज्यादा सिरसा में 19.86 प्रतिशत गरीबों के स्वास्थ्य की जांच हुई। उन्होंने कहा कि आज भी प्रदेश का हर नौवां गरीब किसी न किसी बीमारी से पीड़ित है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े कहते कि 1.32 लाख में रक्त की कमी, 56 हजार बीपी से तो 41 हजार मधुमेह से पीड़ित है। इसके साथ ही 3059 गरीब टीबी से पीड़ित हैं। इतना ही नहीं 41040 गरीब कार्डियक बीमारी से ग्रस्त है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और सीएमओ के बीच जारी तनाव के चलते एक माह तक सभी प्रकार की फाइलें मंत्री की टेबल पर पड़ी रही।

# वंचितों के घर द्वार पर पहुंच रहा मोदी-मनोहर सरकार की योजनाओं का लाभ : डा कमल गुप्ता



गांव अग्रोहा में आयोजित विकसित भारत जन संकल्प यात्रा के दौरान उपस्थित कैबिनेट मंत्री डा कमल गुप्ता।

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 दिसम्बर :** शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डा कमल गुप्ता ने कहा है कि वर्तमान केंद्र व हरियाणा सरकार द्वारा ऐसी व्यवस्था को कायम किया गया है, जिसमें वंचित वर्ग के लोगों के घर द्वार पर योजनाओं व कार्यक्रमों का लाभ पहुंच रहा है। सोमवार को अग्रोहा में विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में उन्होंने यह बात कही। डा कमल गुप्ता ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य केंद्र तथा प्रदेश सरकार की योजनाओं के सभी पात्र लाभार्थियों को लाभ पहुंचाना है। किसी कारणवश नागरिक को योजनाओं का लाभ नहीं मिला है तो उनका मौके पर ही फार्म भरकर उन्हें योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करवाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच है कि गरीब व पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ हर हाल में मिले। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर सबसे पहले गरीब का अधिकार है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नई सोच के साथ एक नए भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। एलईडी वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टाल लगाकर नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री आशा खेदड़, भाजपा मंडलाध्यक्ष अग्रोहा सुशील रेड्डू, सरपंच आत्माराम भुक्कल, बहादुर सिंह नंगथला, सतपाल सिंह शर्मा, मीरपुर के सरपंच रोहताश जांगड़ा, धर्मबीर जाखड़, ओमप्रकाश, पंच चरणजीत तनेजा, सतीश, शहीद सतपाल के पिता बलवान बांकर, बीडीसी सदस्य सोनू जांगड़ा सहित ग्रामीण एवं युवा उपस्थित रहे।

# आशा हाई स्कूल का वार्षिक समारोह आयोजित

## एक सैनिक की शहादत पर आधारित देश भक्ति के कार्यक्रम ने मन मोह लिया




आशा हाई स्कूल के वार्षिक समारोह का शुभारंभ करते अतिथि डॉ. जगबीर सिंह व ईश्वर मालवाल। अतिथियों का स्वागत करते स्कूल के निदेशक संजय धवन व प्रिंसीपल संजना धवन।

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 दिसम्बर :** इंदिरा कॉलोनी स्थित आशा स्कूल का वार्षिक समारोह सुशीला भवन में सम्पन्न हुआ। समारोह में हरियाणा सूचना आयोग के आयुक्त डॉ. जगबीर सिंह मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए। माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष ईश्वर मालवाल ने समारोह की अध्यक्षता की। विद्यालय के निदेशक संजय धवन एवं प्रिंसीपल संजना धवन ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर तथा बच्चों द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत करके किया गया। बच्चों ने अतिथियों एवं अभिभावकों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया तत्पश्चात विद्यालय की प्रिंसीपल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। बच्चों ने वर्तमान समय की भीषण समस्या प्रदूषण पर नृत्य नाटक का प्रस्तुत की एवं उपस्थित समूह को प्रदूषण ने फैलाने एवं पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण त्याग-ए टेल ऑफ सैक्रिफाइस देशभक्ति से ओत-प्रोत नाटक रहा। इस नाटक के माध्यम से बच्चों ने एक सैनिक की मां, भाई, बहन एवं पत्नी के त्याग एवं समर्पण को इंगित करते हुए एक सैनिक की शहादत का संगीत व नाटक के माध्यम से मंचन किया। इस नाटक का मंचन इतना प्रभावपूर्ण एवं हृदय स्पर्शी था कि उपस्थित जनसमूह की आंखें नम हो गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष द्वारा वर्ष 2023 में विद्यालय के दसवीं कक्षा के मेरिट प्राप्त 24 छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में समारोह के अध्यक्ष ईश्वर मालवाल ने स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. जगबीर सिंह ने बच्चों की उत्कृष्ट प्रस्तुति एवं दसवीं कक्षा के शानदार परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय एवं अभिभावकों को बधाई दी। समारोह के अंत में विद्यालय के निदेशक संजय धवन एवं प्रिंसीपल संजना धवन ने मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष को स्मृति चिह्न प्रदान किया एवं उपस्थित अभिभावक, बच्चों एवं अध्यापक गण का इस समारोह को यादगार एवं सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया।

# हकृवि में किया गया रोबोटिक्स एवं ऑटोमेशन लैब का उद्घाटन

## रोबोटिक्स एवं ऑटोमेशन लैब कृषि में नए आयाम स्थापित करने में कारगर होगी: डॉ. आर.सी. अग्रवाल




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 दिसम्बर :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में स्थित रोबोटिक्स एवं ऑटोमेशन लैब का उद्घाटन उप महानिदेशक (कृषि शिक्षा), आई. सी. ए. आर., नई दिल्ली डॉ. आर.सी. अग्रवाल द्वारा कुलपति प्रो. बी.आर. कम्बोज की अगुवाई में किया गया। यह रोबोटिक्स और ऑटोमेशन लैब, नैशनल एग्रीकल्चरल हायर एजुकेशन प्रोजेक्ट (एनएएचइपी)-इंस्टीट्यूट डेवलपमेंट प्रोजेक्ट (आईडीपी) के अंतर्गत भारत सरकार और विश्व बैंक की सहायता से स्थापित की गई है। उप महानिदेशक (कृषि शिक्षा) डॉ. आर.सी. अग्रवाल ने उद्घाटन के दौरान कहा कि इस प्रकार की लैब भारतीय कृषि को तकनीक के एक नए युग में पहुंचाने में एक मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कृषि तकनीक के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने हेतु एनएएचइपी-आईसीएआर की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया तथा कहा की हरियाणा के छात्रों के तकनीकी कौशल को बढ़ाने के लिए एनएएचइपी-आईसीएआर की तरह अन्य परियोजनाओं को जारी रखना चाहिए जिससे स्थानीय उद्योगों और वैश्विक कंपनियों के लिए कौशल युक्त अभियंता तैयार हो सके। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. कम्बोज ने कहा की इस लैब को स्थापित करने के पीछे मुख्य उद्देश्य छात्रों को कृषि, कृषि संबंधित तकनीकों में नवीनतम तकनीकों के साथ परिचित करना है जिनमे मुख्यतः कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, ड्रोन, सेंसर, कैड डिजाइनिंग और सिम्युलेशन, प्रिसीजन कृषि आदि शामिल हैं। यह प्रयोगशाला विभिन्न सेंसर्स के माध्यम से व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए उपयुक्त है। मोबाइल, कंप्यूटर, और सेंसर के माध्यम से विभिन्न कृषि गतिविधियों जैसे कि स्मार्ट फार्मिंग, प्राथमिक प्रसंस्करण, मृदा की नमी, मौसम की जानकारी, फसल के रोग और इसके उपचार जैसी कृषि सूचना को इन्टरनेट के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के डीन डॉ. बलदेव डोगरा, विभागाध्यक्ष डॉ. विजया रानी सहित सभी महाविद्यालयों के डीन, निदेशक और अधिकारी तथा कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं संकाय के सदस्य उपस्थित थे।

# जीजेयू में आयोजित ई-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में छात्रा किरण का हुआ चयन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 दिसम्बर :** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल के सौजन्य से 'सर्वा एजुकेशन लिमिटेड' के ई-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय की एक छात्रा का चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने चयनित विद्यार्थी को बधाई दी व उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने भी चयनित विद्यार्थी को बधाई दी है। प्लेसमैंट निदेशक प्रताप सिंह ने कहा कि सर्वा एजुकेशन लिमिटेड भारत स्थित एक कंपनी है, जो समग्र शिक्षा व कल्याण समाधान प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करती है। ऑनलाइन प्री-प्लेसमेंट वार्ता व उसके बाद हुए साक्षात्कार के आधार पर विश्वविद्यालय की एक छात्रा का चयन किया गया। प्लेसमैंट निदेशक ने ड्राइव के संचालन के लिए सर्वा एजुकेशन लिमिटेड की एचआर मैनेजर श्वेता अग्रवाल को धन्यवाद दिया। हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के निदेशक प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई, ट्रेनिंग प्लेसमैंट समन्वयक डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. कोमल ढांडा व डॉ. पूजा का भी आभार व्यक्त किया है। सहायक निदेशक डॉ. आदित्यवीर सिंह ने बताया कि चयनित छात्रा एमबीए मार्केटिंग 2024 पासिंग आउट बैच की किरण है। प्लेसमैंट ड्राइव का संचालन एमबीए जनरल की छात्रा प्रिया ने किया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान डिप्टी स्पीकर ने गांव कालवास व तलवंडी बादशाहपुर में लाभार्थियों से किया संवाद







**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 दिसम्बर :** डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान गांव कालवास तथा तलवंडी बादशाहपुर में लाभार्थियों से संवाद किया। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं को लेकर ग्रामीणों के सुझाव भी लिए। इसके अलावा ग्रामवासियों की शिकायतें सुनते हुए उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों व सुझावों को राज्य सरकार द्वारा स्थापित जन संवाद पोर्टल पर डाला जाएगा और प्रत्येक शिकायत व सुझाव पर कार्यवाही को सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया और उस दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेकों योजनाएं हैं जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के सामने रखा जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम के तहत मेरी कहानी-मेरी जुबानी के माध्यम से लाभार्थियों ने अपने अनुभव सांझा किए। लाभार्थियों ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अंत्योदय व गरीब कल्याण से संबंधित योजनाएं चलाकर गरीबों का दिल जीत लिया है। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को गरीब हितैषी बताते हुए धन्यवाद व्यक्त किया।


विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से भारत के युवाओं को विभिन्न राष्ट्र निर्माण कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए शुरू किए गए मेरा युवा भारत पोर्टल पर युवा पंजीकरण कराने के प्रति उत्साहित नजर आए। इस दौरान विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टाल का अवलोकन भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी, एनीमिया आदि की जांच, निरोगी हरियाणा के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर, आयुष विभाग की ओर से आरोग्य शिविर, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा व किसानों के लिए कृषि और बागवानी विभागों की हेल्प डेस्क बनाई गई। संकल्प यात्रा के दौरान एलईडी युक्त वैन में सरकार की विभिा योजनाओं को दिखाया गया।

**इन गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया गया जोरदार स्वागत**

विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद जागरूकता वाहन का खंड उकलाना के गांव लांधड़ी, खंड नारनौंद के गांव खानपुर तथा सिंधड़ में भी ग्रामवासियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। गांव खानपुर तथा सिंधड़ में जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग डाटा तथा लांदड़ी में भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री आशा खेदड़ ने यात्रा पहुंचने जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए और विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को सरकार की योजनाओं व सेवाओं की जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें योजनाओं का लाभ दिया गया। कार्यक्रमों में विभिा उल्लेखनीय योगदान वाले लोगों, प्रगतिशील किसानों, शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, खेल क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ियों व महिलाओं को भी सम्मानित किया।

इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, बीडीसी हिसार ब्लाक द्वितीय चेयरमैन अजय गावड़, बलजीत फौगाट, कार्यक्रम संयोजक कमल शर्मा, जगत सहित गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम ने आचार्य महाश्रमण के दीक्षा दिवस पर लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 दिसम्बर :** जैन श्वेतांबर तेरापंथ धर्मसंघ के 11वें अधिशस्ता युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के 50वें दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में जैन लाइब्रेरी, नागोरी गेट हिसार में तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम हिसार के तत्वाधान में एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नेत्र, ब्लड शुगर व एचबी, बीपी की नि:शुल्क जांच की गई। शिविर में लगभग 90 लोगों ने उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया। आंखो की समस्याओं के लिए दवाइयों व चश्मों का नि:शुल्क वितरण किया गया। शिविर के आयोजन में श्री 108 आचार्य श्री नमीसागर जैन धर्मार्थ औषधालय नागोरी गेट हिसार की पूरी चिकित्सा टीम व श्री दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष संजीव जैन व आलोक जैन का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम हिसार के अध्यक्ष राजकुमार जैन व सचिव अजय गोयल के निर्देशन व तेरापंथ जैन समाज की अन्य संस्थाओं के पदाधिकारियों व सदस्यों के सहयोग से इस चिकित्सा शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## अणुव्रत समिति ने गांव नियाणा और गांव पाना आलमपुर में लगाया आंखों का चौथा विशाल नि:शुल्क जांच शिविर, 90 लोगों के आंखों की जांच की, 15 रोगियों के आंखों के ऑप्रेशन के लिए किया चयन

### आंखें हमारे शरीर का महत्वूर्ण अंग, इनकी देखभाल बेहद जरूरी : राजेंद्र अग्रवाल

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 दिसम्बर :** अणुव्रत समिति हिसार द्वारा समिति अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमण के 50वें दीक्षा महोत्सव के उपलक्ष्य में गांव नियाणा और पाना आलमपुर में आंखों का चौथा विशाल नि:शुल्क जांच शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ गांव नियाणा के सरपंच विष्णुदत शर्मा, पाना आलमपुर की सरपंच रीना देवी और सरपंच प्रतिनिधि विरेंद्र सहरावत ने किया। इस शिविर में गीतांजलि हस्पताल की वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मंजुला और डॉ. दीपक गुप्ता की टीम के मार्गदर्शन में विशाल आंखों का निशुल्क चैकअप शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आंखों के 90 से अधिक मरीजों के आंखों की जांच की गई और 15 लोगों को आप्रेशन के लिए चुना गया। 40 मरीजों को चश्मे के नंबर दिए गए। शिविर में आंखों की दवा नि:शुल्क दी गई। अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने शिविर में आए चिकित्सकों व गांव के गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत व धन्यवाद किया। शिविर के आयोजन में समाजसेवी जोगीराम का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि समिति द्वारा पूरे देश में अणुव्रत वाहनी द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके




तहत इस शिविर का आयोजन किया गया है। इससे पूर्व भी समिति द्वारा अनेक सामाजिक गतिविधियां आयोजित करवाई जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि आंखों हमारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग है इसलिए आंखों की देखभाल बेहद जरूरी है। इस शिविर में बढ़ती उम्र में बुजुर्गों को आंखों से संबंधी आने वाली समस्याओं का निदान किया गया तथा जिन बुजुर्गों के आंखों के ऑप्रेशन की आवश्यकता है उनका चयन किया गया। शिविर में पहुंचे चिकित्सकों को समिति की ओर से अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान आगामी 18 जनवरी को होने वाले राष्ट्रव्यापी अणुव्रत गीत महासंगम के लिए गांव वासियों को शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, गांव नियाणा सरपंच विष्णु दत्त शर्मा, गांव पाना आलमपुर की सरपंच रीना देवी और पंचायत प्रतिनिधि विरेंद्र सहरावत, जोगीराम, नेक मोहम्मद, शिवम, मनोज कुमार, सुनीता, मंजु व गांव के अनेक गणमान्य नागरिकि उपस्थित थे।

## पीएम किसान सम्मान निधि योजना : ई-केवाईसी, बैंक खाता में डीबीटी अनेबल व आधार लिंक तथा भूमि सत्यापन का होना जरूरी : उप कृषि निदेशक

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 दिसम्बर :** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त करने वाले किसानों को भूमि सत्यापन, ई-केवाईसी होना एवं बैंक खाते का आधार सीडिंग होना जरूरी है। यह जानकारी देते हुए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ राजबीर सिंह ने बताया कि जिन किसानों की पीएम किसान निधि योजना की 15वीं किस्त नहीं आई है, वे किसान 15वीं किस्त का लाभ प्राप्त करने के लिए ई-केवाईसी करवाना, बैंक खाते को आधार से लिंक, बैंक खाते में डीबीटी अनेबल करवाना एवं भूमि का सत्यापन करवाना जरूरी है। इसके बाद ही किस्त किसान के खातों में हस्तांतरित हो सकेगी। उन्होंने बताया कि जिले के 27025 किसानों ने अपनी ई-केवाईसी, 12312 किसानों ने भूमि सत्यापन तथा 11911 किसानों ने आधार लिंक (डीबीटी) अपडेट नहीं करवाई है। उपनिदेशक ने किसानों से आग्रह किया है कि वे जल्द से जल्द अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर, पोस्ट आफिस या प्ले स्टोर से पीएम किसान की ऐप डाउनलोड करके भी ई-केवाईसी तथा भूमि सत्यापन के लिए संबधित खण्ड कृषि कार्यालय, संबंधित बैंक से आधार लिंक करवा लें ताकि उन्हें उपरोक्त योजना का लाभ मिल सके।

## संयुक्त राष्ट्र की एशिया और प्रशांत क्षेत्रीय आर्थिक एवं सामाजिक आयोग (यूएनओ) की टीम ने हकृवि का किया दौरा, विभिन्न परियोजनाओं की दी जानकारी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 दिसम्बर :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज संयुक्त राष्ट्र की एशिया और प्रशांत क्षेत्रीय आर्थिक एवं सामाजिक आयोग (यूएनओ) की तीन सदस्यीय टीम ने दौरा किया। इस टीम में योजना अधिकारी इग्रनोसियो ब्लैंकों, आर्थिक मामलों के अधिकारी मार्ता पेरेज व परियोजना अधिकारी इशराक फजल मौजूद रहें। इनके अलावा हरियाणा सरकार के विदेशी सहकारिता विभाग से सुलेगना रॉय सहित नई दिल्ली के इंटेलिकेप ग्रुप से अमन गोखले, श्वेता भट्नागर एवं शिवांशु शर्मा भी मौजूद रहे।

संयुक्त राष्ट्र संगठन से आई टीम ने विश्वविद्यालय के कुलपति सचिवालय में बैठक की, जिसमें कुलपति के ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा ने टीम के सदस्यों का स्वागत किया और उन्हें विश्वविद्यालय में चल रहे शैक्षणिक, गैर-शैक्षणिक सहित अन्य गतिविधियों, कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह विश्वविद्यालय हरियाणा के प्रत्येक गांव से जुड़ा हुआ है और सभी को तकनीकी सहयता के साथ-साथ स्वरोजगार के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान करवा रहा है। इस बैठक में विश्वविद्यालय की ओर से किसानों के हित के लिए उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाएं, योजनाएं, फसलों की उन्नत किस्में व प्रशिक्षणों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हरियाणा के हर क्षेत्र में स्थापित विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र किसानों को जागरूक करने का काम कर रहे हैं, जिस पर संयुक्त राष्ट्र से आई टीम ने विश्वविद्यालय की





ओर से चलाई जा रही उपरोक्त योजनाओं की सराहना की। योजना अधिकारी इग्रनोसियो ब्लैंकों ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र की एशिया और प्रशांत क्षेत्रीय आर्थिक एवं सामाजिक आयोग का मुख्य उद्देश्य कृषि उद्यमियों को प्रशिक्षित कर स्वरोजगार स्थापित करना है ताकि वो अपना स्वरोजगार स्थापित कर सकें एवं आर्थिक रूप से समृद्ध हो सकें तथा हर कृषि उद्यमी किसानों से सीधे तौर पर जुड़कर उन्हें लाभ प्रदान करवा सके। इसके बाद टीम ने विश्वविद्यालय में नाबार्ड व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से स्थापित एग्रीबिजनेस इंक्यूबेशन सेंटर (एबिक) का दौरा किया, जहां प्रिंसीपल इन्वेस्टीगेटर (आरकेवीवाई) डॉ. राजेश गेरा ने बताया कि एबिक सेंटर के माध्यम से युवा, किसान व उद्यमी मार्केटिंग, नेटवर्किंग, लाईसेंसिंग, ट्रैडमार्क व पेटेंट, तकनीकी व फंडिग से संबंधित प्रशिक्षण लेकर कृषि क्षेत्र में अपने स्टार्टअप को नया आयाम दे सकते हैं। अभी तक 100 से ज्यादा स्टार्टअप एबिक सेंटर से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना स्वरोजगार शुरू कर चुके हैं। इस दौरान टीम के सदस्यों ने एबिक द्वारा स्थापित स्टार्टअपस अल्फा एडवानटेक कंपनी के निदेशक नितिन ललित, काम्बोज हन्नी बी फार्म प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सुभाष, धर्मबीर फूड प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक धर्मबीर, महिला उद्यमी दीपिका अहलावत, विशाल, अरविन्द, सतीश व प्राकृतिक खेती पर काम कर रहे मुकेश काम्बोज से उनके व्यवसाय के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। साथ ही टीम ने पूनिया एंड पूनिया एग्रो प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक राजेंद्र सातरोड से मुलाकात कर फैक्टरी का भ्रमण भी किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय एवं इससे जुड़े महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष, शिक्षाविद्, वैज्ञानिक सहित गैर-शिक्षक कर्मचारी भी उपस्थित रहें।

## जिंद यूनिवर्स की ओर से ''नाउ'' : एक शक्तिशाली गीत, जो आत्मविश्वास और केयर फ्री होने की प्रेरणा देता है

### इसके आकर्षक विज़्युअल्स और शानदार बीट्स पर झूमने लगेंगे लोग

**पाठकपक्ष न्यूज**

**करनाल, 12 दिसम्बर :** ''नाउ'' बाय जिंद यूनिवर्स एक ऐसा ट्रैक है, जो भावनाएं जगा देगा और आत्मविश्वास, भरोसे, केयर-फ्री और दृढ़ निश्चय का गान बनकर पूरे विश्व के श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देगा। इसमें शानदार बीट्स और आकर्षक विज़्युअल्स का बेहतरीन मिश्रण है, जिस पर सारे श्रोता खुद-ब-खुद झूमने लगेंगे। ''नाउ'' बाय जिंद यूनिवर्स केवल एक गीत ही नहीं, बल्कि यह एक हृदयस्पर्शी भावना है। यह प्रेरणा का संदेश देता है, और श्रोताओं से स्वयं पर पूरे भरोसे के साथ वर्तमान क्षण को अपनाने का आह्वान करता है। इस गीत की शक्तिशाली बीट्स और आकर्षक धुन आपके जोश और उत्साह को बढ़ाते



हुए इसे हर प्लेलिस्ट का अभिन्न हिस्सा बना देंगी। इस मोहक ट्रैक के साथ एक प्रभावशाली म्यूज़िक वीडियो भी है, जो प्रोत्साहन और आत्मविश्वास का शक्तिशाली संदेश देता है। इसके विज़्युल्स संगीत के सार के साथ एक दिलचस्प अनुभव उत्पन्न करते हैं, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर उन्हें इसकी हर तान के साथ झूमने के लिए तैयार कर देते हैं। अपने पंजाबी स्वैग और विवेकशील चयन के साथ जिंद का 'नाउ'' सांस्कृतिक प्रतीक बन जाएगा, और हर प्लेलिस्ट में अपनी स्थायी जगह बना लेगा। इस रिलीज़ के बारे में जिंद ने कहा, ''मुझे संगीत की शक्ति पसंद है क्योंकि यह एक ही गीत में आपको बहुत सारी भावनाओं का अहसास कराती है। ''नाउ'' के माध्यम से मैंने भी यही करने का प्रयास किया है। ''नाउ'' एक ऐसा अनुभव है, जो श्रोता को भरोसे और आत्मविश्वास से भर देगा। इससे श्रोताओं में जोश और उत्साह भर जाएगा और वो इसकी शानदार बीट्स पर झूमने लगेंगे।''

## अनन्त श्री विभूषित स्वामी श्री सत्यानंद महाराज जी ने दिए प्रवचन, देवी भवन के नए भवन में विराट संत सम्मेलन जारी

### जीवन के उत्कर्ष के लिए सत्संग परम आवश्यक है : स्वामी सत्यानंद महाराज

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 दिसम्बर :** अखिल भारतीय सोहम महामंडल शाखा हिसार के तत्वावधान में प्रारंभ हुए पंचदिवसीय संत सम्मेलन के प्रथम दिवस महामंडलेश्वर श्री स्वामी विवेकानंद महाराज के कृपापात्र सोहं पीठाधीश्वर श्री स्वामी सत्यानन्द महाराज ने कहा कि जीवनोत्कर्ष हेतु सत्संग परमावश्यक है। उन्होंने कहा कि सत्संग के माध्यम से जीवन जीने का सलीका प्राप्त होता है। अनेकों समस्याओं का सामना करने की समझ आती है। सत्संग के माध्यम से ही जीवन का लक्ष्य, मूल्य, उद्देश्य समझ में आता है। सत्संग से जीवन की गलतियों में सुधार किया जा




सकता है। इसी माध्यम से हमें अपनी संस्कृति व धर्म कर्म आदि के विषय में जानकारी हो पाती है। अच्छे व बुरे का बोध हो पाता है। वैराग्य, निष्काम कर्मयोग, भक्तियोग एवं ज्ञानयोग आदि के विषय में जानकारी प्राप्त होती है। हमारे पावन इतिहास की जानकारी होती है। भगवान और भक्तों की चर्चाएं सुनकर हृदय पवित्र होता है। स्वामी सत्यानंद महाराज ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में समाज में फैली हुई बुराइयों को दूर करने की महती आवश्यकता है। सुधार की कुंजी सत्संग ही है। संतसेवा, अतिथि सेवा, मातापिता की सेवा, बुजुर्गों की सेवा,अनाथ असहाय सेवा, गौसेवा आदि विषयों को सत्संग के माध्यम से ही बताया जा सकता है। ऐसे ही विषयों पर आने वाले दिनों में सत्संग के माध्यम से चर्चा होती रहेगी। रामायणी स्वामी ज्ञानानंद, स्वामी प्रणवानंद, स्वामी नारायणानंद और अरुणस्वरूप ने भी सत्संगकी महिमा सुनाई। इस अवसर पर इन्द्रचंद राठी, रामकुमार रावलवासिया, राजिंद्र गर्ग, सज्जन कुमार गीता प्रेस, विकूल कुमार, राजेश सैनी सातरोड़िया, शिव कुमार गोयल, ईश्वर दास मंगाली वाले इत्यादि भक्तों ने संतों को माला पहनाकर सम्मानित किया और भगवान की आरती कराई।

## हाजमपुर गांव पहुची विकसित भारत संकल्प यात्रा, विधायक विनोद भयाना व ग्रामीणों ने किया यात्रा का जोरदार स्वागत

# पर्याप्त जल आपूर्ति के लिए हाजमपुर गांव में जल्द बनवाया जाएगा वॉटर टैंक : भयाना

### जन संवाद कार्यक्रम में आठ लोगों की बनी बुढ़ापा पेंशन, 173 लोगों ने करवाया स्वास्थ्य जांच व पांच परिवारों को मिले रसोई गैस चूल्हे व सिलेंडर

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 12 दिसम्बर :** विकसित भारत - संकल्प यात्रा सोमवार को उपमंडल के हाजमपुर गांव पहुंची। विधायक विनोद भयाना ने यात्रा का स्वागत किया और आयोजित जन संवाद कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर इनका विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इसके उपरांत उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टालों का अवलोकन निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री विनोद भयाना ने जन संवाद कार्यक्रमों में उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है उनके इस संकल्प को पूरा करने के लिए हर व्यक्ति को भारतीय जनता पार्टी का सहयोग कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूत करने का काम करना चाहिए। भाजपा की केंद्र तथा राज्य सरकार ने गरीबों के उत्थान के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं लागू की है इन योजनाओं का लाभ लेकर गरीब लोग अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठा सकते हैं। इन योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत इस यात्रा में शामिल रथ प्रदेश के हर गांव में जाकर न केवल लोगों को योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी देंगे बल्कि मौके पर ही अनेक योजनाओं का लाभ प्रदान करने का भी काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आज भाजपा की सरकार लोगों को घर-घर जाकर सरकारी योजना में सेवाओं का लाभ प्रदान कर रही है। आयुष्मान भारत योजना एक अनूठी योजना है इस योजना के तहत गरीब परिवारों को 500000 रूपए तक की राशि का मुफ्त इलाज प्रदान किया जा रहा है। यह योजना गरीब लोगों के लिए लाइफ लाइन साबित हो रही है। केंद्र सरकार ने उन गरीब परिवारों को बीपीएल सूची में शामिल किया गया था जिनकी आय सालाना 1 लाख 20000 रूपए है लेकिन हरियाणा सरकार ने दो कदम और आगे बढ़ते हुए 1लाख 80 हजार रुपए आमदनी वाले परिवारों को भी बीपीएल सूची में शामिल कर इस योजना का दायरा बढ़ाने का काम किया है ताकि अधिक से अधिक लोग योजनाओं के लाभ पात्र बन सके। मुख्य अतिथि ने लोगों को भारत की एकता व अखंडता तथा समाज में भाईचारे की भावना को निरंतर मजबूत बनाये रखने को लेकर शपथ भी दिलवाई। जन संवाद कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को भी लोगों को सुनाया गया और लोगों ने बड़ी रुचि से सुना। सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के लोक कलाकारों द्वारा केंद्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों पर तैयार किए गए गीतों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों, प्रतिभावान खिलाड़ियों तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत करवाई गई विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया और पात्र लोगों की वृद्धावस्था पेंशन बनवाकर उन्हें प्रमाण पत्र भी सौंप गए।

#### लोगों ने उठाया योजनाओं का लाभ

जन संवाद कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के पात्र लोगों ने जमकर लाभ उठाया। 100 से अधिक लोगों ने आयुष्मान कार्ड बनवाये, 173 लोगों ने स्वास्थ्य की जांच करवाई, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत पांच परिवारों को रसोई गैस चूल्हे व सिलेंडर भेंट किए गए भेंट किए गए तथा 60 वर्ष आयु पूरी कर चुके 8 बुजुर्गों की मौके पर ही पेंशन बनवाई गई।

## गौरव सैनी ने उपनिरीक्षक बन बढ़ाया समाज का गौरव, माता सावित्री बाई फुले सोशल वेलफेयर सोसायटी ने किया सम्मानित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 दिसम्बर :** कठिन परिश्रम का फल हमेशा मीठा होता है। मेहनत के बल पर व्यक्ति अपने लक्ष्य को साधकर अपना मुकाम हासिल कर सकता है। यह बात सावित्री बाई फुले सोशल वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मुकेश सैनी ने हिसार निवासी गौरव सैनी के हरियाणा पुलिस में उपनिरीक्षक बनकर रोहतक रेंज में नियुक्ति मिलने के बाद आयोजित एक कार्यक्रम में कही। सावित्री बाई फुले सोशल वेलफेयर सोसायटी की टीम वर्ष 2022-23 बैच में हरियाणा पुलिस में उपनिरीक्षक बने एक साधारण परिवार के बेटे हिसार के मौहल्ला सैनियान निवासी गौरव सैनी को उनके निवास पर कार्यक्रम आयोजित कर उनके परिवार को सम्मानित करने पहुंची थी। इस



अवसर पर सोसायटी टीम ने गौरव सैनी के पिता अमर सिंह सैनी व माता सीता देवी को फूलमालाएं पहनाकर व उनके बेटे को महात्मा फुले दम्पति का चित्र व पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए सोसायटी के अध्यक्ष मुकेश सैनी ने कहा कि समय समय पर सोसायटी की टीम द्वारा समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को उनकी हौसला अफजाई के लिए सम्मानित किया जाता है। इससे नवयुवकों को प्रेरणा मिलती है और समाज का युवा वर्ग पथभ्रष्ट होने से बचकर राष्ट्र के सर्वांगीण निर्माण में अपना अतुलनीय योगदान देता है जो कि समाज के साथ साथ देशहित में है। सैनी ने विश्वास जताया कि जिस प्रकार से गौरव ने अपनी पूरी मेहनत और लग्न से इस मुकाम को हासिल किया है, इसी प्रकार राष्ट्र व समाज की पूरी लग्न व ईमानदारी से सेवा करेंगे जिससे उनके पूर्वजों व स्वयं की प्रतिष्ठा लोगों में बढ़ेगी और समाज का सर्वांगीण विकास होगा। सोसायटी अध्यक्ष मुकेश सैनी ने समाज के अन्य युवाओं से अपील की कि नशे जैसी सामाजिक कुरीतियों को दूर करें और शिक्षा में ध्यान देकर समाज की उन्नति व प्रगति में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना हर चीज अधूरी है। शिक्षा के बल पर ही व्यक्ति समाज को उन्नति के पथ पर अग्रसर करने मे सफल हो सकता है। इस अवसर पर गौरव सैनी, मुकेश सैनी मोनू, रजनीश रूद्रा, रवि जमालपुरिया, नरोत्तम गौरीवान, गौरव सैनी जमालपुरिया, रॉबिन सैनी चौहान, संदीप सजूमा, महेन्द्र सांखला लाकड़, अमित सैनी, हेमेंत सैनी, पूनम सैनी, सोनू सैनी जमालपुरिया, आरिफ खान, पवन सैनी व अन्य सदस्य मौजूद थे।

## द ई 5 महिला महाविद्यालय गढ़ी हांसी मे यौन उत्पीड़न के प्रति जागरूक किया

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 12 दिसम्बर :** द ई 5 महिला महाविद्यालय गढ़ी हांसी के सभागर में आज महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का प्रमुख विषय यौन उत्पीड़न के प्रति छात्राओ को जागरूकता करना था। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम प्रताप ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि कैसे वर्तमान समय में विद्यार्थियों को सजक और संचित रहकर यौन उत्पीड़न संबंधित किसी भी गतिविधियों में शामिल होने से बचना है। उन्होंने बताया कि आजयौन उत्पीड़न के बहुत सारे मामले प्रतिदिन देखने को मिलते। जिसमें अधिकतर मामले महिलाओं से संबंधित होते हैं। उन्होंने छात्राओ



को बताया कि जब भी वह कहीं जाए तो अपने अभिभावकों को अपने लोकेशन अवश्य शेयर करें तथा यदि उनके साथ कोई ऐसी कोई भी ऐसी गतिविधि होती है जिसमें वह खुद को असुरक्षित महसूस करती है, तो वह तुरंत अपने अभिभावक को इस बारे में सूचना दें। उन्होंने बताया कि महिलाएं खुद को इतना मजबूत बनाएं कि किसी भी परिस्थितियों में सामने वाले का डटकर सामना कर सके । इसके साथ ही छात्राओं को यौन उत्पीड़न के तहत आने वाले कानून और सुरक्षा के अनुच्छेद और धाराओं का भी जिक्र किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की एनएसएस अधिकारी असिस्टेंट प्रोफेसर किरण चहार ने किया। इस अवसर पर छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक किया व छात्राओं ने यौन उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने की प्रतिज्ञा ली। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभीस्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## भारत सरकार व आर्ट ऑफ लिविंग के संयुक्त तत्त्वावधान में हांसी में चलाया 'हर घर ध्यान' अभियान



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 12 दिसम्बर :** भारत सरकार व आर्ट ऑफ लिविंग के संयुक्त तत्त्वावधान में चल रहा 'हर घर ध्यान' अभियान कृष्णा कॉलोनी में संदीप जैन के यहां पहुंचा। जैसा की इस अभियान का उद्देश्य है शहर के हर व्यक्ति हर घर तक ध्यान के अनुभव को पहुंचाना, इसे चरितार्थ करते हुए ही आर्ट ऑफ लिविंग की टीम कृष्णा कॉलोनी पहुंच गई। कार्यक्रम की ऑर्गेनाइजर आर्ट ऑफ लिविंग की सीनियर फैकल्टी वीना गोयल रहीं व संचालन श्वेता जैन ने किया। कार्यक्रम का मूल गान, ज्ञान और ध्यान को रखा गया है। जिसमें हवन के पश्चात सभी को ध्यान करवाया गया और उसके बाद ज्ञान चर्चा करके ध्यान क्या है और इससे हमारे मन पर क्या प्रभाव पड़ता है बताया गया। अंत में भजनों के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। जिसके बाद लोगों ने अपने अनुभव बांटते हुए कहा की उन्हें बहुत ही अलग आराम व शांति का अनुभव हो रहा है। लोगों में इस कार्यक्रम के प्रति अभूतपूर्व उत्साह है। लोग पहले से ही अपने घर ये कार्यक्रम की तिथि टीम से निर्धारित करवा रहे हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मनोरमा जैन,नीतू जैन,मधु,कविता,बाला सहित अन्य कई महिलाएं उपस्थित थीं।

## रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया वार्षिक महोत्सव



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 12 दिसम्बर :** आर. पी. एस. पब्लिक स्कूल हांसी के प्रांगण में जोश व उत्साह के साथ वार्षिक समारोह मनाया गया। श्री नीरज (एडिशनल डिप्टी कमीशनर), श्री प्रदीप यादव (डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ़ पुलिस), श्री विनोद सहारण (खंड शिक्षा अधिकारी) विशिष्ट अधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट व सलामी देकर किया गया। मुख्य अतिथि के साथ संचालक महोदय डॉक्टर संदीप देसवाल, प्रधानाचार्य श्री अनुपम गोयल व मुख्याध्यापिका सुश्री प्रीति वर्मा ने मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की। इसके बाद भारतीय संस्कृति की सत्यता को दर्शाते हुए आमंत्रित मेहमानों के स्वागत में विद्यार्थियों द्वारा मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। भारतीय संस्कृति की विशिष्ट अनेकता में एकता को दर्शाने हेतु बहुत से नृत्य प्रस्तुत किए। बच्चों की जोशभरी प्रस्तुतियों ने सभी अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रधानाचार्य द्वारा प्रस्तुत की गई जिसमें उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों की उपलब्धियों की जानकारी दी।

## मोहन यादव होंगे पीएम के नए सीएम, तोमर बनेंगे विधानसभा अध्यक्ष, 13-14 को होगी शपथ

**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 12 दिसम्बर :** मध्यप्रदेश में मोहन यादव नए मुख्यमंत्री होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री के इस फैसले से चौंकिए और चौंकते रहिए। विधायक दल की बैठक में दो डिप्टी सीएम बनाना भी तय हुआ, इनमें रीवा विधायक राजेंद्र शुक्ल और मल्हारगढ़ विधायक जगदीश देवड़ा शामिल हैं। पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को विधानसभा अध्यक्ष बनाया जाएगा। हालांकि, डिप्टी सीएम और विधानसभा अध्यक्ष के नामों की अधिकृत घोषणा नहीं की गई है। शपथ एक दो दिन में: नए मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्री की शपथ 13 या 14 दिसंबर को हो सकती है। अभी आधिकारिक तौर पर तारीख तय नहीं हुई।

### सीलिंग प्लान के तहत पूरे हिसार मंडल को किया सील

## 8171 वाहनों को किया चेक, 720 लापरवाह वाहन चालकों के लिए चालान

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 दिसम्बर :** श्री श्रीकांत जाधव, आईपीएस, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, हिसार मंडल, के निर्देशन में हिसार मंडल में पुलिस ने सीलिंग प्लान के तहत नाकाबंदी कर वाहनों व संदिग्ध लोगों की चेकिंग की। सीलिंग प्लान सोमवार सुबह 10:00 बजे से लेकर दोपहर 2:00 बजे तक हिसार मंडल में लगा कर सभी प्वाइंटों पर पुलिस ने मुस्तैदी से संदिग्ध वाहनों को चेक किया। एडीजीपी हिसार मंडल, श्री श्रीकांत जाधव के कुशल नेतृत्व में चलाए गए सीलिंग प्लान के तहत कार्रवाई करते हुए मंडल पुलिस ने चार घंटों के दौरान अपने अपने प्वाईटो व नाको पर आने-जाने वाले 8171 वाहनों को चेक किया । सीलिंग प्लान के दौरान सडको पर लापरवाही कर सड़क नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए हिसार मंडल में मोटर वाहन अधिनियम के तहत कुल 720 चालान भी किए जिनमें मुख्यतः बिना हेल्मेट, ट्रिपल राइडिंग, ओवर स्पीड, नो पार्किंग जोन मे व्हीकल पार्क करने वालों के चालान शामिल है जो सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण है। सीलिंग प्लान अभियान के दौरान जिला पुलिस हिसार द्वारा 106 चालान, पुलिस जिला हांसी द्वारा 96 चालान, जिला पुलिस जींद द्वारा 203 चालान, सिरसा पुलिस द्वारा 144 चालान, ड़बवाली पुलिस द्वारा 31 चालान व जिला फतेहाबाद पुलिस द्वारा 140 चालान किए गए है। हांसी पुलिस द्वारा सीलिंग प्लान के दौरान एक आरोपी के कब्जे से 24 बोतल शराब देसी, 48 अद्धे बरामद करके आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## हिसार संयुक्त किसान मोर्चा के साथी आनंद सांगवान के स्वर्गवास होने पर भारी क्षति : दिलबाग हुड्डा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 दिसम्बर :** भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष दिलबाग सिंह हुड्डा लूदास ने बताया की गत दिवस 11 दिसंबर सोमवार को संयुक्त किसान मोर्चा मांगों के लिए प्रदर्शन के दौरान हृदय गती रुकने से 82 वर्षीय कर्मचारी एवं किसान नेता आनंद देव सांगवान का अचानक निधन हो जाने से भारी क्षति हुई है। वह एक समाजसेवी, कर्मचारी एवं किसान नेता जो बड़े ही नेक दिल के इंसान थे। परमात्मा उनको अपने चरणों में स्थान दे। हुड्डा ने कहा कि इस दुख की घड़ी में हम सभी उनके परिवार के साथ खड़े हैं। उनके निधन पर भारतीय किसान यूनियन अंबावता के जिला महासचिव रामवीर ढांडा, प्रवक्ता विजय जागलान, संरक्षक अमर सिंह श्योराण, राजपति भगाना, मंगेश खटकड़, रविंदर दहिया, राजू, बलराज मलिक, विक्रम हुड्डा आदि ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।



आनंद देव सांगवान














WORK FROM PHONE

Learn and Earn OR Earn While You Learn Digital Marketing Business Opportunity Any Time Any Where. Most suitable for Students, Employees, Professionals, Retirees etc. If interested, WhatsApp Name, Place :

7027924000

# देश प्रेम व स्वस्थ मनोरंजन का प्रतीक विशाल समारोह 'एक शाम देश के नाम'







**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 दिसम्बर (देवेन्द्र उप्पल) :** हरियाणा लोक कला संस्थान द्वारा विगत दिवस अनाज मण्डी, अग्रोहा में बृहद कार्यक्रम 'एक शाम देश के नाम' आयोजित किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक युवा मोर्चा भाजपा हिसार के मीडिया प्रमुख विरेन्द्र मेहता (कुलेरी) ने बताया कि इस कार्यक्रम की सफलता से प्रोत्साहित होकर हमने ऐसे अनेक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। ऐसे कार्यक्रमों से सभी का देश के प्रति प्रेम बढ़ता है, युवकों को सही दिशा प्राप्त होती है तथा स्वस्थ मनोरंजन होता है।

समारोह में मुख्यतिथि व विशिष्ठ अतिथि इस प्रकार रहे- डॉ. स्वास्तिक शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव, प्रभारी हरियाणा व हिमाचल अखिल भारतीय जनसंघ, श्रीनिवास गोयल, उपाध्यक्ष व्यापारी कल्याण बोर्ड हरियाणा, प्रवीण पोपली जिला महामंत्री भाजपा, बहादुर सिंह नंगथला, प्रदेश अध्यक्ष ओड समाज, सीमा गैबीपुर वरिष्ठ भाजपा नेत्री, उकलाना, श्रीमती आशा खेदड़ प्रदेश महामंत्री, महिला मोर्चा, शीशपाल चौहान, अध्यक्ष, हरियाणा लोक कला संस्थान। इनके अतिरिक्त निम्न महत्वपूर्ण व प्रसिद्ध कलाकरों ने भी भाग लेकर समारोह की शोभा बढ़ाई - भारत बोहरा, अनामिका बावा (ऐन्नी बी), मनजीत पांचाल, रॉकी डेन, शिवानी राघव, शिखा राघव व शेखर खन्ना। दूर-दूर से आए भी लोगों ने कार्यक्रम की प्रशंसा की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को करने की इच्छा जताई।

## निकाय मंत्री ने हिसार से गुरुग्राम के लिए वातानुकूलित बस को हरी झंडी देकर किया रवाना

### कहा - हिसार नगर में 50 इलेक्ट्रॉनिक लोकल बसे चलेगी। यात्रियों को होगी बड़ी सुविधा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 दिसम्बर :** शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने आज हिसार बस अड्डा से गुरुग्राम के लिए ऐसी बस को हरी झंडी देकर रवाना किया। इस अवसर पर निकाय मंत्री ने चालक व परिचालक को पुष्माला पहना कर शुभकामनाएं दी। हरियाणा रोडवेज़ के मुख्य महाप्रबंधक राहुल मित्तल ने निकाय मंत्री के वहां पहुंचने पर पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि हरियाणा परिवहन निगम का हिसार डिपू आए दिन नई बसे चलाकर यात्रियों को सुविधाएं देने का सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि अनेको तीर्थ स्थलों के लिए सीधी बसे चलाकर श्रद्दालुओ की यात्रा को सुविधाजनक बनाया है। पिछले दिनों में खाटू-श्याम, सालासर, मेहंदी बाला जी, मथुरा वृंदा वन, हरिद्वार की सीधी बसे चलाई गई है जिससे यात्रियों को बड़ा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही कई रूटों पर वातानुकूलित बसे चलाकर यात्रियों को सुविधा प्रदान की जा रही है। कैबिनेट मनिस्टर ने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए निगम की ओर से शहर में 50 बस क्यू सेल्टर बनाये जाने की योजना है काफी बन चुके है बाकी शीघ्र ही बना लिए जाएंगे। जो यात्रियों की साथ-साथ शहर की सुंदरता में भी चार- चांद लगाने का काम करेंगे। इस अवसर पर महाप्रबंधक राहुल मित्तल ने बताया कि चंडीगढ़ और दिल्ली के बाद गुरुग्राम के लिए ऐसी बस



चलाई गई है। जो मौसम के अनुकूल तापमान निर्धारित करेगी। यात्रियों के लिए यह बस बहुत आरामदायक होगी। इस बस का किराया 275 रुपए निर्धारित किया गया है। यह बस सुबह 6 बजे व 10 बजकर 40 मिंट पर रवाना होगी। बस हांसी -महम-बेरी-झज्जर होते हुए गुरुग्राम पहुंचेगी। राहुल मित्तल ने बताया कि हिसार डिपू में मार्च महीने के अंत तक 50 इलेक्ट्रॉनिक बसे आ जाएगी जो नगर में स्थानीय तौर पर चलाई जाएगी। इन बसों में सफर भी आराम दायक होगा और किसी हद तक वायु प्रदूषण से भी मुक्ति मिलेगी। इस अवसर पर प्रवीण जैन, सुरेश गोयल धूप वाला, राम चन्द्र गुप्ता, लोकेश असीजा, डॉ. वैभव बिदानी, सुशील बुडाकिया, केपी गुप्ता, सजग के प्रदेश अध्यक्ष वास्तु आर्किटेक्ट सत्य पाल अग्रवाल, अनिल सिंगल अध्यक्ष लाडली वेलफेयर ट्रस्ट सहित अनेक संस्थाओं से जुड़े लोग उपस्थित थे।

## प्रत्येक लाभार्थी परिवार से सम्पर्क किया जाएगा : ढालिया

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 12 दिसम्बर :** भारतीय जनता पार्टी मण्डल हांसी कार्यकारिणी की एक बैठक स्थानीय विश्राम गृह में मण्डल अध्यक्ष अशोक ढालिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विधानसभा विस्तारक चांदवीर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए मण्डल अध्यक्ष अशोक ढालिया ने कहा कि, (हांसी शहर मण्डल में प्रत्येक बूथ पर लाभार्थी परिवार से सम्पर्क किया जाएगा एवं अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लाभार्थी परिवार को अवगत करवाया जाएगा) ढालिया ने कहा कि आज हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार माननीय मुख्यमन्त्री मनोहर लाल के नेतृत्व में 'सबका साथ-सबका विकास-सबका प्रयास-सबका विश्वास' के आधार पर कार्य कर रही है। ढालिया ने कहा कि अभी गत दिनों जो आयुष्मान कार्ड बने है एवं बी.पी.एल. राशन कार्ड की जो सूचि आई है, उससे गरीब व पिछड़े वर्ग में अति उत्साह है। बैठक में विस्तारक चांदवीर सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि हिसार जिला में हांसी शहरी मण्डल एक अत्यन्त सशक्त कार्यकर्ताओं का समूह है हांसी मण्डल को जो भी



जिम्मेवारियां मिली है, वो उन्होंने शत प्रतिशत पूरी की है। बैठक में मंच संचालन मण्डल महामन्त्री तनुज खुराना ने किया और अन्त में धन्यवाद महामन्त्री सोनू जांगड़ा ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ उप-प्रधान रमेश मदान, कृष्ण लुथरा, अजय भारद्वाज, महामन्त्री तनुज खुराना, सोनू जांगड़ा, मीडिया प्रभारी राजू चायल, मण्डल सचिव डॉ. आनन्द वर्मा, सीमा बीरपाली, सरपंच श्याम खांडा, आई.टी. प्रमुख पुनीत मदान, कोषाध्यक्ष प्रवीण सिंगला, प्रवक्ता राजू महता, पार्षद दुली चन्द नागौरा, कपिल शर्मा (नेहरू), राम सिंह वर्मा, किशोरी नागपाल, विनोद सपडा, राजेन्द्र सैनी, कर्मवीर खांडा, ओ.पी. बागोरिया, शीतल सिंगला आदि उपस्थित रहे।

## किसान नेता आनन्द देव सांगवान को संयुक्त किसान मोर्चा ने एसकेएम का झंडा अर्थी पर डालकर श्रद्धांजलि दी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 दिसम्बर :** गत दिवस लचुसचिवालय पर एसकेएम का शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन था। पुलिस प्रशासन ने लघुसचिवालय के गेट से 200 मीटर पहले ही बेरिकेट लगा रखे थे किसान बेरिकेट तोड़कर अंदर घुसे थोड़ी बहुत हाथापाई भी हुई। किसान नेता आनन्द देव सांगवान का थोड़ा बीपी बड़ा हुआ महसूस हुआ उसने एक किसान साथी से बीपी की टेबलेट मंगवाकर ली और लेट गए। कुछ देर बाद किसान साथियों ने उठने के लिए बोला तो आनन्द देव सांगवान वे हार्ट फेल होने से शहीद हो चुके थे। सांगवान साहब की उम्र 78 वर्ष थी। संयुक्त किसान मोर्चा, हिसार के नेता थे, किसान नेता आनन्द देव सांगवान कर्मचारियों के नेता भी थे। आज संयुक्त किसान मोर्चा के साथियों ने 16-17 सैक्टर के शमशान घाट में उन्हें अंतिम विदाई दी। आनन्द देव सांगवान को एसकेएम, किसान सभा और सर्व कर्मचारी संघ का झंडा अर्थी पर चढाकर जोरदार नारों के साथ भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम विदाई में एसकेएम के वरिष्ठ नेता कामरेड इंद्रजीत




सिंह, मा़ बलबीर सिहं, रवि आजाद, शमशेरसिंह नम्बरदार, सरदानन्द राजली, हर्षदीप गिल, एसकेएम के नेता फूलसिंह श्योंकद, मा. शेरसिंह भिवानी, बलराज उनके मित्र, मा़ विजय, करतार सिवाच, सतबीर धायल, सुबेसिंह बूरा, अनिल गोरछी, दिनेश सिवाच, धर्मवीर फोगट, नरेश कुमार, नरेश गौतम, शकुंतला जाखड़, बिमला तोड़, निर्मला देवी, बबली लाम्बा, सुरेश गिरधर, रणधीर बामल, सुनिल सिवाच, विरेंद्र बागोरियो, कामरेड सुरेश कुमार, सुरेंद्र मान, मनोज सोनी, उदय चे, मां रमेश खानक, धर्मबीर मलिक, कृष्ण सांवत, दलबीर ग्रेवाल, सुरेंद्र यादव आदि शामिल रहे।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33-एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33-एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप-सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964-72584
श्याम नागपाल : 92552-73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960-38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।




## डॉक्टर पर मजदूरी न देने का आरोप लगा मजदूरों ने पीएमसी अस्पताल में किया हंगामा






**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 12 दिसम्बर :** त्रिकोणा पार्क के समीप पीएमसी हॉस्पिटल में आज मजदूरों ने हंगामा कर दिया। मजदूरों का आरोप है कि हॉस्पिटल के डॉक्टर पंकज इलावादी ने उनकी मजदूरी के करीब 31 हजार रुपए नहीं दिए। डॉक्टर पर आरोप है कि मजदूरों ने जब डॉक्टर से मजदूरी के रुपए मांगे तो डॉक्टर ने उनको विधायक विनोद भयानक का दोस्त बताकर देख लेने की धमकी दी और डॉक्टर ने मजदूरों को अस्पताल से बाहर निकाल दिया। मजदूरों की अगुवाई कर रहे प्रधान सुबे सिंह व जगदीश वर्मा ने बताया उन्होंने पीएमसी अस्पताल में फर्नीचर फिटिंग सहित अन्य लकड़ी का कार्य किया था। जिसमें से उनके 31 हजार रुपए लेने रह गए थे। मजदूरों का आरोप है कि डॉक्टर ने यह रुपए देने से मना कर दिया। इस मामले में डॉक्टर पंकज इलावादी से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि बाहर प्रदर्शन करने वाले मजदूरों ने उनके अस्पताल में गैस सिलेंडर की चोरी की है। आरोप लगाया कि इन्होंने जान से मारने की भी धमकी दी है। वहीं, मजदूरों ने डॉक्टर द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को झूठा बताया है। हंगामा होने के बाद डॉक्टर ने कुछ मजदूरों को हिसाब करने के लिए अपने केबिन में बुलाया। केबिन के अंदर करीब आधा घंटे तक मजदूरों व डॉक्टर के बीच हिसाब पर विचार विमर्श होता रहा। मजदूरों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनकी मजदूरी के रुपए उन्हें नहीं मिले तो वे यहां भूख हड़ताल शुरू करेंगे।

## हरियाणा में बनेगी कांग्रेस की सरकार : प्रो. सम्पत सिंह



***पाठकपक्ष न्यूज, हिसार, 12 दिसम्बर :*** *पूर्व मंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रो. सम्पत सिंह ने कहा कि आगामी चुनाव में हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बननी निश्चित है। प्रदेश के किसान, मजदूर, जवान, पहलवान, कर्मचारी व व्यापारी भाजपा की सरकार से परेशान है। किसान को बीज व खाद लेने के लिए लाईनों में लगना पड़ा और आखिर में बाजार से ब्लैक में खाद व बीज खरीदने पड़े। खराब फसल के मुआवजे के लिए भी किसानों द्वारा धरना और प्रर्दशन करने के बावजूद 72 गांवों के किसानों को अब तक 2022 का मुआवजा भी नहीं मिला। हिसार में कल ही जब किसान सरकार से अपनी मांग मनवाने के लिए प्रदर्शन कर रहे थे उस समय एक जागरूक किसान शहीद हो गए। 700 से अधिक किसान दिल्ली की सीमाओं पर एक वर्ष से अधिक चले धरने के समय अपनी शहादत पहले भी दे चुके है। लेकिन सरकार ने अब तक किसानों को फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का कोई कानून नहीं बनाया। जिसकी वजह से देश के किसानों में आक्रोश है।*

## मार्गशीर्ष भौमवती अमावस्या पर श्री राधाकृष्ण बड़ा मंदिर में लगाया गया भंडारा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 दिसम्बर :** मार्गशीर्ष की अमावस्या पर श्री राधाकृष्ण बड़ा मंदिर बाजार खजांचियान में भंडारा लगाया गया। मंदिर के महंत राहुल शर्मा ने बताया कि अमावस्या के दिन मंगलवार और कृष्ण पक्ष की अमावस्या



तिथि, ज्येष्ठा नक्षत्र, करण चतुष्पद, योग धृति है। साल के अंतिम भौमवती अमावस्या पर जरूरतमंदों को दान करने से पितर खुश होते हैं और अपना आशीर्वाद देते हैं। इस अवसर पर मंदिर के मंदिर के श्रद्धालुओं वीना, चंद्रकला, बाला, माया, कांता, रजत कंसल, चंद्रभान, कन्हैया, दीपक शांडिल्य, देवेंद्र सारस्वत, सुधीर, मनोज बंसल, सुरेंद्र बंसल, मनोज बत्रा, प्रभु बंसल, दिनेश सैनी व मनीष अरोड़ा आदि ने भंडारा कार्य संभाला।

GH गुप्ता हसपताल
नजदीक अनाज मण्डी, सैक्टर-14, सिरसा रोड, हिसार-125001 (हरि.)
डॉ. नकुल गुप्ता
MBBS, MD, (Medicine)
भूतपूर्व कंसल्टेन्टः गंगाराम हस्पताल, दिल्ली
ब्लड प्रेशर, शुगर, हृदय, पेट रोग, लीवर, साँस, दमा, गठिया व जोड़, नींद ना आना, डिप्रैशन, सिर दर्द, घबराहट दौरे, शराब एवं HIV / AIDS रोग विशेषज्ञ
ECHS, हरियाणा सरकार
आयुष्मान व अन्य T.P.A. के पैनल पर
यहां बीपीएल कार्ड धारकों, विधवाओं, गरीब व्यक्ति, आर्मी कर्मियों व आयुष्मान कार्ड वालों के लिए निःशुल्क परामर्श आजीवन उपलब्ध है
फोन: 92543-78993, 86073-16964

## वेद मंत्रों में सर्वोच्च व गहरा ज्ञान है : आचार्य सत्यकाम



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 दिसम्बर :** 'अग्नि अर्थात अग्रणी परमात्मा का ही नाम है। हमारे जीवन में भौतिक व दिव्य अग्नि प्रकाश का बहुत महत्व है।' ये शब्द दयानंद ब्राह्म महाविद्यालय में आयोजित साप्ताहिक सत्संग में बोलते हुए आचार्य सत्यकाम ने यजुर्वेद का एक मंत्र प्रस्तुत किया, जिसके माध्यम से प्रभु से प्रार्थना की गई कि अग्नि प्रत्येक स्वरूप में हमारे लिए हितकारी हो। सत्संग में पवन सिंगला मुख्य यजमान थे। इस अवसर पर प्राचाय्र डॉ. प्रमोद योगार्थी ने यज्ञ के तीन स्वरूप बताए-सात्विक, राजसिक और तामसिक। सात्विक आध्यात्मिक प्रगति तथा राजसिक संसारिक प्रगति प्रदान करते हैं, परंतु तामसिक यज्ञ लोक-परलोक दोनों में पतन का कारण बनते हैं। इस अवसर पर सर्वश्री प्रमोद लाम्बा, प्रेम गाबा, सुशील राजपाल व अवनीश उपस्थित थे।

### मानवाधिकार की वर्तमान में प्रासंगिकता, विषय पर गोष्ठी

## मानव को जागरुक होने की जरुरत है : प्रो. पूनम

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 दिसम्बर :** सर्वोदय भवन गांधी अध्ययन केंद्र हिसार में गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मानवाधिकार की वर्तमान में प्रासंगिकता, विषय पर मुख्य वक्ता के रुप में बोलते हुए ज्योग्राफी की प्रो. पूनम ने कहा कि 10 दिसम्बर 1948 को मानव अधिकार आयोग का गठन किया गया था, जिसे आज 75 वर्ष हो गये हैं जिस पर आज के सामाजिक, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर हो रही मानव-मानव के बीच की मारा-मारी को लेकर हमने क्या खोया और क्या पाया पर, विचार करना आवश्यक हो गया है, क्योंकि मानव की इस विकास यात्रा में अगर सबसे अधिक खतरे में कोई प्रजाति है तो वह मानव है। अगर इसके अधिकारों का हनन किया जाएगा तो मानवता का इस पृथ्वी पर अस्तित्व बच पाना भी संदिग्ध हो जाएगा। इस पर मंथन की जरुरत है। वक्ता ने बताया कि सतत् विकास और मानव अधिकार एक दूसरे पर निर्भर हैं। मानव अधिकार प्रगति पर निर्भर है और प्रगति बदले में मानव अधिकारों की उन्नति पर निर्भर करते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार मानव अधिकार सार्वभौमिक है जो निवास, लिंग, जातियता, राष्ट्रीयता, रंग, भाषा, धर्म, या अन्य किसी भेदभाव बिना सभी मनुष्यों को परस्पर अन्याश्रित और अविभाज्यपूर्ण तरीके से सभी को स्वतंत्र रूप में गरिमामय व समान विवेक से एक दूसरे के प्रति भाईचारे की भावना से काम करने रहने की बात करता है जिसके मुख्य रुप से तीन स्तंभ




है शांति, सुरक्षा और विकास। उन्होंने कहा कि मार्गदर्शन के अभाव में देश का युवा नशे की चपेट में है। अपराध जगत जंजीरों में जकड़ी है। आज जरुरत है महात्मा गांधी का अहिंसा का पाठ पढ़ाया जाना। पाश्चात्य सभ्यता की अंधाधुंध दौड़ में दौड़ता जा रहा आज का मानव अपनी संस्कृति व मूल्यों को नष्ट कर रहा है इसलिए आज हम सबको जागरुक होने की आवश्यकता है। प्रत्येक मानव को अपना कर्तव्य का पालन करना है। भारत की संस्कृति रुपी धरोहर को सहेजना है। मानवीय मूल्यों को अगली पीढ़ी में सर्कुलेट करना है। सभा संचालक डॉ. महेंद्र रोहिला हैड इतिहास विभाग ने मानव अधिकार विषय पर अपने विचार रखे। मंच का संचालन एडवोकेट सत्यपाल शर्मा ने किया। इस अवसर पर बनीसिंह जांगड़ा, प्रबन्धक धर्मवीर शर्मा, मनोज कुमार, अंकिता यादव, अनामिका यादव, मेहरचंद मनचन्दा, डॉ, विक्रमजीत, आई.जे. नाहल, राजेन्द्र प्रसाद जैन, डॉ. सीताराम सैनी, राधेश्याम ऐरन, रत्न कुमार, श्रेयांश जैन, शैलेश वर्मा, प्रिंसिपल धर्मबीर जांगड़ा, उदयचंद यादव आदि उपस्थित रहे।